


दैनिक
# पुष्पांजली टुडे
नई सोच, नई पहल




■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 167 — ग्वालियर, रविवार, 06 मार्च, 2022 — पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

## रूस और यूक्रेन जंग: भारत में गेहूं के दाम आसमान छूने लगे

**नई दिल्ली।** रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध का असर, धीरे-धीरे पूरी दुनिया पर पड़ने लगा हैं। रूस कई खाद्यानों, कच्चे तेल, औद्योगिक धातु का बहुत बड़ा निर्यातक है, युद्ध के कारण इनकी आपूर्ति खतरे में है, जिससे वैश्विक स्तर पर इनके दाम आसमान छूने लगे हैं। रूस और यूक्रेन का गेहूं निर्यात भी प्रभावित हुआ है। ऐसी आशंका है कि आने वाले दिनों में गेहूं की आपूर्ति प्रभावित रहेगी। चीन और भारत के बाद रूस ही गेहूं का सबसे बड़ा उत्पादक है। गेहूं के निर्यात के मामले में यह शीर्ष स्थान पर है। गेहूं निर्यातक देशों में यूक्रेन का पांचवां स्थान है।



भारत में वर्ष 21-22 के दौरान सरकार ने गेहूं के रिकॉर्ड उत्पादन का अनुमान जारी किया है, लेकिन वैश्विक स्तर पर इसकी बढ़ती कीमत देखकर भारी मात्रा में गेहूं का निर्यात करने की तैयारी हो रही है, जिससे घरेलू बाजार में भी इसकी कीमत तेज गई है। मध्यप्रदेश के इंदौर में गुरुवार को गेहूं 2,400 रुपये प्रति क्विंटल की दर से बिक रहा था लेकिन शुक्रवार को इसके दाम तेजी से बढ़कर 2,400-2,500 रुपये प्रति क्विंटल हो गए। अभी कुछ समय पहले तक गेहूं स्थानीय बाजार में दो हजार रुपये प्रति क्विंटल के भाव से बिक रहा था। गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य वर्ष 22-23 के लिए 2,015 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है और किसान आमतौर पर इसी दर से गेहूं बेचने को तरजीह देते हैं, लेकिन अब बाजार में एमएसपी से अधिक कीमत मिल रही है। कारोबारियों ने बताया कि एमएसपी के उपर गेहूं के भाव का होना यह दर्शाता है कि सरकार को किसानों से इस बार कम मात्रा में गेहूं मिलेगा। उन्होंने कहा कि जिस तरह से गेहूं के दाम चढ़े हैं, उससे गेहूं की आवक मंडी में भी घटेगीख् क्योंकि खरीदार उस सीधे किसान से खरीद लेगा। कृषि मंत्रालय द्वारा गत 16 फरवरी को जारी दूसरे अग्रिम अनुमान के मुताबिक वर्ष 2021-22 में गेहूं का रिकॉर्ड उत्पादन हुआ है। देश में 111.32 मिलियन टन गेहूं के उत्पादन का अनुमान है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अधीन कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) के आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2020-21 के दौरान भारत ने 20,88,487.66 मीट्रिक टन गेहूं का निर्यात किया , जिसकी कीमत करीब 4,037.60 करोड़ रुपये थी। एपीडा के अनुसार, भारत मुख्य रूप से नेपाल, बांग्लादेश, संयुक्त अरब अमीरात, श्रीलंका और यमन को गेहूं का निर्यात करता है। रिपोर्ट के अनुसार रूस और यूक्रेन के युद्धरत होने से गेहूं की वैश्विक आपूर्ति खतरे में आ गयी है।

## लाल टोपी की बुराई करते थे और रंग बदलने वालों ने खुद पहन ली केसरिया टोपी : अखिलेश यादव

**आजमगढ़।** यूपी के अंतिम चरण के प्रचार में सभी दलों ने पूरी ताकत झोंक दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से समाजवादी पार्टी की लाल टोपी को खतरे की निशानी बताए जाने को लेकर अब



अखिलेश यादव ने पलटवार किया है। पीएम मोदी ने शुक्रवार को काशी में रोड शो के दौरान केसरिया रंग की टोपी पहनी तो सपा अध्यक्ष इस पर तंज कसने से नहीं चूके। आजमगढ़ में शनिवार को रैली करते हुए अखिलेश यादव ने कहा, जो लोग लाल टोपी की बुराई करते थे, हमारे सफेद टोपी वालों के साथ अन्याय किया। जो लाल टोपी की बुराई करते थे और सफेद टोपियों के साथ अन्याय किया, बताओ उन्होंने टोपी पहन ली कि नहीं? टोपी लाल, सफेद नहीं पहनी, किसी और रंग की पहनी है। ये लोग रंग बदलने वाले हैं। ये लोग कोई रंग बदल लें, लेकिन उत्तर प्रदेश की जनता इन्हें सबक सिखाने वाली है। अखिलेश यादव ने कहा कि बीजेपी ने किसानों से आय दोगुनी करने का वादा किया था लेकिन डबल इंजन की सरकार ने ऐसा नहीं किया। लोग महंगाई से परेशान हैं।

## नागरिकों को शहर खाली नहीं करने दे रही यूक्रेनी सरकार... रूस का बड़ा आरोप

**कीव।** रूस ने यूक्रेन के दो शहरों मारियुपोल और वोल्नोवाखा में साढ़े पांच घंटे के लिए सीजफायर का ऐलान किया है। रूस का कहना है कि यह ऐलान सिर्फ नागरिकों के शहर खाली करने तक के लिए है, इसके बाद इन शहरों पर रूसी सैनिक हमला करना शुरू कर देंगे। अब रूस के विदेश मंत्री ने यूक्रेन की सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने दावा किया कि मारियुपोल के नागरिकों को स्थानीय प्रशासन बाहर नहीं जाने दे रहा। प्रशासन ने रूस से मानवीय सहायता स्वीकार करने से इनकार कर दिया है।



शनिवार को रूस की ओर से यूक्रेन के दो शहरों में सीजफायर के ऐलान के कुछ देर बाद रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने बड़ा आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मारियुपोल के अधिकारी शहर के निवासियों को हमारी सेना द्वारा खोले गए मानवीय गलियारे के साथ खाली करने की अनुमति नहीं दे रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि खेरसॉन के अधिकारियों ने रूस से मानवीय सहायता स्वीकार करने से इनकार कर दिया। गौरतलब है कि रूस ने शनिवार को यूक्रेन में नागरिकों को निकालने के लिए मानवीय गलियारे खोलने के लिए संघर्ष विराम की घोषणा की है। स्पुतनिक समाचार एजेंसी ने रूसी रक्षा मंत्रालय का हवाला देते हुए कहा, आज (5 मार्च) सुबह 10 बजे से रूसी पक्ष ने संघर्ष विराम की घोषणा की है। मारियुपोल और वोल्नोवाखा से नागरिकों के बाहर निकलने के लिए मानवीय गलियारे खोले हैं।

## कैराना से काशी, बांदा से बहराइच तक, हर नागरिक ‘डबल इंजन’ की सरकार के लिए ही भर रहा हुंकार : मोदी

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को उत्तर प्रदेश के विधानसभा प्रचार के अंतिम चरण में कहा, यह चुनाव ‘सत्ता समर्थक’ चुनाव है। कैराना से लेकर काशी तक, बांदा से लेकर बहराइच तक, हर



नागरिक ‘डबल इंजन’ की सरकार के लिए ही हुंकार भर रहा है। पूरा उत्तर प्रदेश एकजुट होकर कह रहा है कि आएगी तो भाजपा ही, आएंगे तो योगी ही। उन्होंने कहा कि लोग खुद मौजूदा सरकार को सत्ता में बनाए रखने के लिए लड़ रहे हैं। वाराणसी के खजूरी में आयोजित एक जनसभा में मोदी ने दावा किया कि पूरा उत्तर प्रदेश एकजुट होकर कह रहा है कि यूपी में आएगी तो भाजपा ही, आएंगे तो योगी ही। प्रधानमंत्री ने कहा, इस चुनाव में यह मेरी आखिरी जनसभा है। उत्तर प्रदेश ने शायद दशकों में ऐसा चुनाव नहीं देखा होगा, जिसमें कोई सरकार अपने काम, ईमानदार छवि, भेदभाव और पक्षपात रहित विकास तथा बेहतर कानून व्यवस्था के दम पर जनता जर्नादन का आर्शीवाद मांग रही है। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि ‘परिवारवादी’ उन्हें नापसंद करने के कारण ‘लोकल के लिए वोकल’ और स्वच्छ भारत अभियान जैसी पहलों का मजाक उड़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष यूक्रेन मुद्दे पर भी राजनीति करने और लोगों की मुश्किलें बढ़ाने में जुटा हुआ है।

## पाकिस्तान में शियाओं का भी जीना दूभर, मस्जिद अटैक में मरने वालों की संख्या 62 हुई, IS ने ली जिम्मेदारी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पेशावर में मस्जिद में जुमे की नमाज के दौरान भीड़ में आत्मघाती विस्फोट में मरने वालों की संख्या 62 हो गई है। जबकि 200 लोग घायल हैं। देश के गृह मंत्री ने शनिवार को शिया मस्जिद पर इस्लामिक स्टेट आतंकवादी समूह द्वारा किए गए घातक आत्मघाती हमले के मास्टरमाइंड को गिरफ्तार करने का संकल्प लिया। बता दें कि अफगानिस्तान की सीमा से लगे क्षेत्र में सबसे घातक हमलों में से एक में शुक्रवार को खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत की राजधानी पेशावर में किस्सा ख्वानी बाजार में एक मस्जिद के अंदर आईएसआईएस-खुरासान से संबंधित एक आत्मघाती हमलावर ने खुद को उड़ा लिया। अस्पताल के एक अधिकारी ने कहा कि विस्फोट में घायल हुए पांच और लोगों की मौत के बाद शनिवार को मरने वालों की संख्या बढ़कर 62 हो गई। पेशावर के लेडी रीडिंग अस्पताल के



प्रवक्ता मुहम्मद असीम ने कहा कि संख्या और भी बढ़ सकती है। गृह मंत्री शेख राशिद अहमद ने कहा कि खैबर पख्तूनख्वा पुलिस और जांच एजेंसियों ने हमले से जुड़े सभी तीन संदिग्धों की पहचान कर ली है और उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। ट्विटर पर साझा किए गए एक वीडियो संदेश में अहमद ने कहा कि पुलिस और जांच एजेंसियां ??एक या दो दिनों में उन संदिग्धों तक पहुंच जाएंगी। पेशावर के एसएसपी (ऑपरेशन) हारून रशीद खान ने कहा कि विस्फोट एक आत्मघाती विस्फोट था। उन्होंने कहा कि दो हमलावर थे लेकिन उनमें से केवल एक आत्मघाती हमलावर था। एक प्रत्यक्षदर्शी ने काले कपड़े पहने एक व्यक्ति की पहचान आत्मघाती हमलावर के रूप में करते हुए कहा कि उसने मस्जिद में प्रवेश किया, पहले सुरक्षा गार्ड को गोली मारकर हत्या कर दी और फिर पांच से छह गोलियां चलाईं। प्रत्यक्षदर्शी ने जियो न्यूज को बताया, उसके बाद, वह जल्दी से मस्जिद के मुख्य हॉल में घुस गया और खुद को उड़ा लिया। इसके बाद, हर जगह लाशें और घायल लोग पड़े थे। डॉन अखबार की खबर के मुताबिक बम विस्फोट की खबर फैलते ही महिलाओं समेत कई लोग अपने परिवार के सदस्यों का हालचाल जानने के लिए मस्जिद की ओर दौड़ पड़े, जो वहां जुमे की नमाज अदा करने गए थे।

## यूपी में दुकान खाली करवाने के लिए मालिक का बेरोजगार होना जरूरी नहीं: सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एक फैसले में कहा है कि यूपी शहरी भवन (किराया और बेदखली विनियमन) कानून, 1972 की धारा 21(1)(ए) के तहत वास्तविक जरूरत के आधार पर दुकान खाली कराने की मांग करने के लिए मकान मालिक के बेरोजगार होने की आवश्यकता नहीं है। जस्टिस यूयू ललित की पीठ ने कहा कि यह प्रावधान केवल इतना ही कहता है कि मकान मालिक की जरूरत वास्तविक होनी चाहिए। इसमें यह कहीं नहीं कहा गया है कि ये कार्यवाही करने के लिए मकान मालिक का बेरोजगार होना जरूरी है, तब ही वह इस धारा के तहत अर्जी दे सकता है। कोर्ट ने कहा कि तथ्य दर्शाते हैं कि एक दुर्घटना में अपीलकर्ता का एक पैर खराब हो गया था। वह वास्तव में चाहता था कि उसका बेटा कुछ व्यवसाय शुरू करें। दुकान के अलावा उसके पास और कोई संपति नहीं थी। पीठ ने हाईकोर्ट के फैसले को खारिज करते हुए अपीलीय अथॉरिटी के आदेश को बहाल कर दिया और कहा कि हाईकोर्ट का रिट अधिकार क्षेत्र का प्रयोग करते हुए अपीलीय अथॉरिटी के तथ्यों की खोज के आदेश से छेड़छाड़ करना उचित नहीं था। पीठ ने दुकान खाली करने के लिए किरायेदार को 31 दिसंबर तक का समय दिया, लेकिन कहा कि वह तीन हफ्ते में कोर्ट में शपथपत्र देंगे कि दुकान को तय समय में खाली कर दिया जाएगा। इस बीच वह किराया नियमित रूप से देते रहेंगे और कोई बकाया नहीं रखेंगे। तीन हफ्ते में शपथपत्र नहीं देने पर दुकान खाली करने का आदेश तुरंत प्रभाव से लागू हो जाएगा। मकान मालिक ने ज्वालापुर (हरिद्वार) में किरायेदार के कब्जे वाली दुकान को खाली कराने की मांग करते हुए एक अर्जी दाखिल की थी, उसके बेटे के लिए काम-धंधा शुरू करने के वास्ते दुकान की आवश्यकता है। किराया प्राधिकारी ने इस आवेदन को अस्वीकार कर दिया। लेकिन अपीलीय अथॉरिटी ने अपील स्वीकार कर ली और किरायेदार को दुकान खाली करने का आदेश दिया। आदेश के खिलाफ किराएदार ने संविधान के अनुच्छेद 227 के तहत उत्तराखंड हाईकोर्ट में रिट याचिका दायर की। हाईकोर्ट ने अपीलीय अथॉरिटी के फैसले को पलट दिया और कहा कि मकान मालिक का बेटा जिसके लिए दुकान खाली करने की मांग की गई थी, वह आयकर चुकाता है और और उसकी 1,14,508 रुपया आय प्रति वर्ष है।

## भाजपा राजनीति केवल सरकार बनाने के लिए नहीं समाज और देश बनाने के लिए है : राजनाथ सिंह

**जौनपुर।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भाजपा राजनीति केवल सरकार बनाने के लिए नहीं समाज और देश बनाने के लिए करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा कभी लोगों का विश्वास नहीं तोड़ती है और अपने वादे पूरे करती है। जौनपुर के मल्हनी और चंदौली के चकिया विधानसभा क्षेत्रों में आयोजित चुनावी जनसभाओं को संबोधित करते हुए भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सिंह ने दावा किया कि उत्तर प्रदेश में पिछले 35-40 साल से किसी एक पार्टी की लगातार दो बार सरकार नहीं बनी है, मगर इस बार भाजपा की सरकार लगातार दूसरी बार बनने जा रही है। उन्होंने कहा, इसलिए मैं कहता हूं कि आप लोग ऐतिहासिक निर्णय ले रहे हैं। सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कामकाज की सराहना करते



हुए कहा कि भाजपा 2022 के चुनाव में उतनी ही सीटें जीतेगी जितनी 2017 के चुनाव में जीती थी। 2017 के विधानसभा चुनाव में भाजपा और उसके सहयोगियों ने 325 सीटों पर जीत हासिल की थी। रक्षा मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री आदित्यनाथ के कार्यों की सराहना करते हुए कहा, आप लोग प्रत्यक्ष इस बात के साक्षी हैं कि दो साल के कोरोना संकट में सारे कामकाज ठप थे लेकिन इस संकट के बावजूद जिस तेजी के साथ उत्तर प्रदेश का विकास हुआ, विरोधी भले ही उसकी प्रशंसा न करें लेकिन हिंदुस्तान के दूसरे राज्यों में रहने वाले लोग आज उत्तर प्रदेश की प्रशंसा कर रहे हैं। विपक्षी दलों पर कटाक्ष करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा, क्या हो गया सपा, बसपा और कांग्रेस के लोगों को, ये समझते हैं कि राजनीति केवल झूठ बोलकर लोगों की आंखों में धूल झोंक कर की जा सकती है, मगर मैं साफ कर देना चाहता हूं कि राजनीति केवल सरकार बनाने के लिए नहीं की जाती है, बल्कि राजनीति समाज और देश बनाने के लिए की जाती है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए सिंह ने कहा, सच्चा समाजवादी वही है जो आम जनता को भय, भूख और भ्रष्टाचार से छुटकारा दिलाए।

## पाकिस्तान को तालिबान से भी लगा झटका नहीं पूरे हो रहे इमरान खान के अरमान

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान पर जब तालिबान ने कब्जा किया तो पाकिस्तान में कई लोगों ने अपनी खुशी व्यक्त की थी। हालांकि धीरे-धीरे उन्हें यहां से भी निराशा ही मिली है। घर में बढ़ते आतंकवाद के कारण उनके उत्साह में कमी आ रही है। हालांकि, पाकिस्तानी अधिकारी तालिबान शासन को समर्थन और सुरक्षा प्रदान करना जारी रखे हुए हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान सरकार को उम्मीद थी कि तालिबान के साथ दोस्ताना संबंध के कारण अफगानिस्तान में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) को लेकर उसकी चिंताएं कम होंगी। कनाडा स्थित एक थिंक टैंक इंटरनेशनल फोरम फॉर राइट्स एंड सिक्योरिटी



ने कहा कि चिंता कम होने के बजाय हाल के महीनों में आतंकवादी हमलों में वृद्धि हुई है। पाकिस्तान का दावा है कि कई आतंकी हमलों की योजना अफगानिस्तान के अंदर छिपे आतंकवादियों ने बनाई थी। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि जहां पाकिस्तान नई तालिबान सरकार की मदद करना चाहता है, वहीं उसे पाकिस्तान के लिए बढ़ते सुरक्षा और आर्थिक जोखिमों से भी जूझना होगा, जो तालिबान शासन के आने से पैदा हुए हैं। पाकिस्तान इंस्टीट्यूट ऑफ पीस स्टडीज (पीआईपीएस) के आंकड़ों का हवाला देते हुए रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान में आतंकी घटनाओं में 2021 में पिछले वर्ष की तुलना में 42 प्रतिशत की भारी वृद्धि हुई है। अगस्त में तालिबान के अधिग्रहण के बाद की आतंकी घटनाओं की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। पीआईपीएस की रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि अफगानिस्तान में परिवर्तन आतंकवादी समूहों से निपटने के लिए पाकिस्तान के प्रयासों में मदद नहीं कर रहा है।

## खास खबर

### बाहुबली अतीक अहमद के भाई अशरफ के मामले में नया मोड़

**इलाहाबाद।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति राजीव गुप्ता ने पूर्व सांसद बाहुबली नेता अतीक अहमद के भाई अशरफ उर्फ खालिद अजीम की जमानत अर्जी की सुनवाई से स्वयं को अलग कर लिया है। इस कारण अर्जी की सुनवाई टल गई है। कोर्ट ने अन्य पीठ नामित करने के लिए फ़ाइल मुख्य न्यायाधीश को भेज दी है। साथ ही अर्जी पर सुनवाई के लिए 23 मार्च की तारीख तय की है। अशरफ के खिलाफ बसपा विधायक राजू पाल की हत्या सहित दर्जनों आपराधिक मामले चल रहे हैं। जिनमें उसे जेल भेज दिया गया है। इन्हीं में से एक मामले में यह जमानत अर्जी दाखिल की गई है। कोर्ट ने अन्य पीठ नामित करने के लिए फ़ाइल मुख्य न्यायाधीश को भेज दी है। साथ ही अर्जी पर सुनवाई के लिए 23 मार्च की तारीख तय की है। अशरफ के खिलाफ बसपा विधायक राजू पाल की हत्या सहित दर्जनों आपराधिक मामले चल रहे हैं। जिनमें उसे जेल भेज दिया गया है। इन्हीं में से एक मामले में यह जमानत अर्जी दाखिल की गई है।

### यूक्रेन की महिला ने पीएम मोदी से लगाई गुहार, बोली- मेरे देश को बचा लीजिए

**श्रीनगर।** यूक्रेन पर रूस के हमले का 10वां दिन है और जंग थमने का नाम नहीं ले रही है। इस बीच एक कश्मीरी व्यक्ति से शादी करने वाली यूक्रेन की ओलीज़ा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत सरकार से अपील की है कि वह उनके देश में चल रहे रूसी सैन्य अभियानों के बीच यूक्रेन की हर संभव मदद करें। ओलीजा अब पुलवामा जिले के त्राल इलाके में रहती है। उसने कहा, ÷मुझे बहुत दुख हो रहा है। मेरा दिल रोता है क्योंकि मेरा परिवार वहां है। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत सरकार से कहना चाहती हूं कि किसी भी तरह से यूक्रेनियन की मदद करने की कोशिश करें। रास्ता संभव है। वे शांतिपूर्ण लोग हैं।÷उन्होंने कहा, ÷आज हमारा देश लोकतंत्र और शांति के लिए लड़ रहा है। उनके दिल में आजादी है और वे रूस को हमारे घरों में नहीं आने देंगे। मास्को द्वारा यूक्रेन के अलग-अलग क्षेत्रों (डोनेट्स्क और लुहान्स्क) को स्वतंत्र संस्थाओं के रूप में मान्यता देने के तीन दिन बाद रूसी सेना ने 24 फरवरी को यूक्रेन में सैन्य अभियान शुरू किया। इस बीच विदेश राज्य मंत्री वी मुरलीधरन ने शनिवार को जानकारी दी कि यूक्रेन से अब तक 11,000 से अधिक भारतीयों को निकाला गया है। सरकार ने भारतीय नागरिकों की निकासी प्रक्रिया में समन्वय और निगरानी के लिए यूक्रेन की सीमा से लगे चार पड़ोसी देशों में %विशेष दूत भी तैनात किए हैं।

### अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिरा वाहन, 5 की मौत

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में एक वाहन के अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिरने से कम से कम 5 लोगों की मौत और एक घायल हो गया। इसकी जानकारी पुलिस ने दी। पुलिस के मुताबिक, दुर्घटना जिले के जमोदा इलाके में हुई, जब वाहन सांबा से श्रीनगर जा रहा था। तभी छह यात्रियों को ले जा रहा वाहन गहरी खाई में गिर गया। वाहन में सवार 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक घायल हो गया। पुलिस ने कहा, पंजीकरण संख्या जेके01यू-2233 वाली कार घाटी के अनंतनाग जिले से यात्रियों को लेकर जा रही थी।

### भीषण आग से श्रीनगर का हड्डी अस्पताल खाक हुआ, सुरक्षित निकाले गए मरीज

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बोन एंड ज्वाइंट अस्पताल में शुक्रवार रात आग लग गई। अधिकारियों ने बताया कि यहां बारजूला इलाके में स्थित अस्पताल के अंतरोगी विभाग में आग लग गई। अस्पताल कर्मियों, स्थानीय लोगों और आपदा प्रबंधन अधिकारियों ने रोगियों को सुरक्षित निकाला और उन्हें दूसरे अस्पतालों में पहुंचाया। आग को काबू करने के लिए शहर के विभिन्न दमकल केंद्रों से वाहनों को भेजा गया। अधिकारियों के मुताबिक आग लगने की इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि आग लगने के कारण का अभी पता नहीं चला है। श्रीनगर के बरजुल्ला में स्थित इस सरकारी हड्डी अस्पताल में लगी भीषण आग के बीच वहां पर मौजूद सभी रोगियों और उनके परिचारकों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। आग लगने के बाद इस विशेष हड्डी अस्पताल में मौजूद गैस सिलेंडरों और इलाज के लिए रखे गए उपकरणों में विस्फोट के कारण भारी धमाकों की आवाज सुनी गई। जब तीन मंजिला इमारत में आग लगी तो सभी वार्ड मरीजों और परिचारकों से भरे हुए थे। हड्डी अस्पताल में 250 बिस्तर हैं। अधिकारियों ने बताया कि आग लगने के कारणों का तत्काल पता नहीं चल पाया है। अस्पताल में मौजूद लोगों ने बताया कि आग को सबसे पहले इमरजेंसी थिएटर में देखा गया। और बाद में ये ट्रॉमा और इमरजेंसी सहित सभी वार्डों में तेजी से फैल गई।

## वन-टू-वन

### सरफराज और अरमान का शतक, मुंबई 400 रन के पार

**नई दिल्ली।** रणजी ट्रॉफी के तीसरे राउंड के मुकाबले हो रहे है। एलीट ग्रुप की सभी टीमों के लिए यह मैच बेहद महत्वपूर्ण है। इस आधार पर उनके नॉकआउट में पहुंचने पर फैसला होना है। मैच के दूसरे दिन मुंबई ने ओडिशा के खिलाफ 3 विकेट पर 259 रन बना लिए थे। सरफराज खान 107 रन बनाकर खेल रहे हैं। ओडिशा ने पहली पारी में 284 रन बनाए। यानी मुंबई को पहली पारी में बढ़त लेने के लिए सिर्फ 26 रन की जरूरत है। वहीं एक अन्य मैच में चेतेश्वर पुजारा की टीम सौराष्ट्र ने पहली पारी में 347 रन बनाए। जवाब में गोवा ने 4 विकेट पर 239 रन बना लिए हैं। यानी गोवा सिर्फ 108 रन से पीछे है और उसके पास 6 विकेट शेष हैं। यानी मैच अहम मोड़ पर है।

### बांग्लादेश को हराकर विश्व कप में द.अफ्रीका की शानदार शुरुवात

**मुंबई।** दक्षिण अफ्रीका ने महिला क्रिकेट विश्व कप 2022 के अपने पहले मुकाबले में बांग्लादेश को हराकर शानदार शुरुआत की है। डुनेडिन में हुए मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका ने बांग्लादेश के सामने 208 रन का लक्ष्य रखा था। जवाब में बांग्लादेश की टीम 3 गेंद बाकी रहते 175 रन पर ऑलआउट हो गई। इस तरह दक्षिण अफ्रीका ने बांग्लादेश को 32 रन से हरा दिया। इस जीत से दक्षिण अफ्रीका को पूरे 2 अंक मिले। इसके पहले कप्तान निगार सुल्ताना ने टॉस जीतकर द.अफ्रीका को पहले बल्लेबाजी का न्यौता दिया। द.अफ्रीका ने मरिजाने कैप के 42 और ओपनर लॉरा वॉल्वार्ट के 41 रन के दम पर 49.5 ओवर में 207 रन बनाए। चोले ट्रायोन ने 39 रन का योगदान दिया, जबकि कप्तान सुन लुस 25 रन बनाकर आउट हुईं। बांग्लादेश की ओर से फारिया त्रिशना ने 3 जबकि जोहनारा आलम और रितू मोनी ने दो-दो विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेशी टीम शरमीन अख्तर के 34 और सुल्ताना के 29 रन के बावजूद 175 रन ही बना सकी। बांग्लादेशी टीम अच्छी शुरुआत का फायदा नहीं उठा सकी। टीम की ओर से सुल्ताना और अख्तर ने पहले विकेट के लिए अर्धशतकीय शुरुआत दिलाई थी।दोनों ने 69 रन की साझेदारी की लेकिन बाद के बल्लेबाज नियमित अंतराल पर विकेट देते चले गए। बांग्लादेश को इस रन संख्या तक पहुंचाने में साउथ अफ्रीकी गेंदबाजों का भी अहम रोल रहा, जिन्होंने इस दौरान 22 अतिरिक्त रन दिए। द.अफ्रीका की ओर से अयाबोंगा खाका ने सबसे ज्यादा 4 विकेट चटकाए, जबकि मासाबा क्लास ने 2 विकेट झटके। खाका को उनकी शानदार गेंदबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

### पाकिस्तान में स्थितियां बदलीं तो सुरक्षा विशेषज्ञों की राय पर करेंगे अमल : मैडोनाल्ड

**रावलपिंडी।** पेशावर की एक मस्जिद में आत्मघाती बम विस्फोट में कम से कम 56 लोगों के मारे जाने के बाद आस्ट्रेलिया के अंतरिम मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने कहा उनकी टीम सुरक्षित हाथों में है और सुरक्षा विशेषज्ञ उनकी टीम का मार्गदर्शन करेंगे। पहले टेस्ट मैच के शुरुआती दिन के खेल बाद मैकडोनाल्ड ने कहा यदि स्थितियां बदलती हैं, तो वे सुरक्षा विशेषज्ञों की राय के अनुसार चलेंगे। दौरे के भविष्य के बारे में पूछे जाने पर मैकडोनाल्ड ने कहा हमारे सुरक्षाकर्मी यहां हमारे साथ में हैं और वे हमारा मार्गदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा रावलपिंडी पहुंचने के बाद से हमारी सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा गया तथा विशेषज्ञ लगातार हमारा मार्गदर्शन कर रहे हैं। यदि कुछ बदलाव होता है तो मुझे लगता है कि वे उस बारे में बात करेंगे। आस्ट्रेलिया की टीम 1998 के बाद पहली बार पाकिस्तान दौरे पर आई है और उन्हें राष्ट्राध्यक्षों जैसी सुरक्षा प्रदान की गई है।

### रहें अलर्ट, केवायसी के नाम से आए लिंक से हो सकते हैं फ्रॉड का शिकारः एसबीआई

**नई दिल्ली।** देश में बैंकिंग फ्रॉड के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। ये फ्रॉड नये तरीकों से लोगों को अपनी ठगी का शिकार बना रहे हैं। इस तरह के फ्रॉड से बचने के लिए देश का सबसे बड़ा बैंक भारतीय स्टेट बैंक लगातार लोगों को आगाह करता रहा है। इसी क्रम में एसबीआई ने एक और ट्वीट जारी कर अपने करोड़ों ग्राहकों को केवाईसी फ्रॉड की चेतावनी दी है। बैंक ने बताया है कि केवाईसी के नाम आए एसएमएस या मेल के जरिए कैसे आप फ्रॉड का शिकार हो सकते हैं और आपकी जमा-पूंजी एक झटके में गायब हो सकती है। एसबीआई ने कहा है कि एसएमएस के जरिए अगर किसी ग्राहक के पास कोई लिंक आता है तो उस पर क्लिक ना करें। यह गलती उन पर भारी पड़ सकती है और उनके अकाउंट से पूरा पैसा निकल सकता है। यह भी कहा है कि एसबीआई के नाम पर उन्हें जो भी एसएमएस मिलता है उसको लेकर खास सावधानी बरतें। बैंक ने कहा है कि किसी भी अनजान सोर्स वाले लिंक पर जल्दबाजी में क्लिक करने से पहले कई बार सोच लें, नहीं तो आपका बैंक अकाउंट पलभर में खाली हो जाएगा। एसबीआई ने ट्वीट किया है, यहां सवायईएचडब्ल्यूआरओएनजीनंबरएचएआई केवायसी फ्रॉड का एक उदाहरण दिया गया है1 इस तरह के एसएमएस से धोखाधड़ी हो सकती है और आप अपनी बचत खो सकते हैं1 एम्बेडेड लिंक्स पर क्लिक न करें। एसएमएस प्राप्त करने पर एसबीआई के सही शॉर्ट कोड की जांच करें। सतर्क रहें और बने रहें।

### पिछले 12 कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स 4000 अंक से ज्यादा लुढ़का

**मुंबई।** रूस और यूक्रेन युद्ध से दुनिया भर के शेयर बाजारों की हालत खराब है। भारतीय शेयर बाजार भी लगातार नीचे की तरफ गोते लगा रहे हैं। सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को भी सेंसेक्स निफ्टी भारी गिरावट के साथ बंद हुए। ?जिससे सिर्फ एक दिन में ही भारतीय निवेशकों के 5 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा डूब गए। 23 फरवरी को सेंसेक्स 57232 अंक पर बंद हुआ था। 24 फरवरी को 2700 अंक की गिरावट आई थी।

# विराट-रोहित समेत सभी खिलाड़ियों ने जताया दुःख, वॉर्न की याद में काली पट्टी बांधकर उतरे खिलाड़ी





**मोहाली।** भारत और श्रीलंका के बीच मोहाली टेस्ट के दूसरे दिन का खेल शुरू हो गया है। मैच के पहले दिन भारतीय टीम ने 6 विकेट पर 356 रन बना लिए थे। भारत और श्रीलंका के बीच पहले दिन का खेल समाप्त होने के कुछ घंटे बाद ही ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज स्पिनर शेन वॉर्न का निधन हो गया। 52 साल की उम्र में दिल का दौरा पड़ने की वजह से वॉर्न का निधन हो गया। इससे पूरा क्रिकेट जगत सदमे में है। मोहली में भारत और श्रीलंका के बीच टेस्ट मैच के दूसरे दिन का खेल शुरू होने से पहले दोनों टीमों ने शेन वॉर्न को श्रद्धांजलि दी। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज विकेटकीपर बल्लेबाज रॉडनी मार्श का निधन भी शुक्रवार को ही हुआ। खिलाड़ियों ने मौन धारण करके दोनों को याद किया। इसके साथ ही भारतीय टीम के खिलाड़ी इन दोनों के श्रद्धांजलि देने के लिए अपने बांह पर काली पट्टी लगाकर खेलने उतरे। श्रीलंका टीम के खिलाड़ियों के हाथों पर भी काली पट्टी बंधी है। भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा शेन वॉर्न के जाने की खबर ने दुखी कर दिया। हम सभी क्रिकेट में उनके योगदान को समझते हैं। वह गेंद से अद्भूत कारनामे करते थे।

विराट कोहली ने कहा पिछले रात शेन वॉर्न के निधन की खबर मिली। हम अपने जीवन में सब कुछ कर रहे होते हैं और अपनी परेशानियों के बारे में सोचते हैं। लेकिन जल्दी समझ में आता है कि जीवन काफी अप्रत्याशित है। 52 साल की उम्र में गुजरना पूरी तरह से विश्वास से परे है। मैं अविश्वास और सदमे में हूं। वह ईमानदार आदमी थे। उन्हें जानने के लिए आभारी हूं। वे क्रिकेट का खेल खेलने वाले महानतम स्पिनर। कहने की जरूरत नहीं है कि उनकी कमी महसूस होगी। मैं गहरी संवेदना व्यक्त करताहूं। भगवान उसकी आत्मा को शांति दे। उधर, न्यूजीलैंड में महिला वनडे वर्ल्ड कप के मुकाबले खेले जा रहे हैं।

### रवींद्र जडेजा के शानदार बल्लेबाजी के दम पर टीम ने दिया 574 रन लक्ष्य

**माहोली।** मोहाली टेस्ट में भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट पर 574 रन बनाकर पारी घोषित कर दी। रवींद्र जडेजा ने नाबाद 175 और मोहम्मद शमी ने नाबाद 20 रन बनाए।



मोहाली टेस्ट में रवींद्र जडेजा ने तूफारी पारी खेलकर पहली बार डेढ़ शतक यानी 150 रन बनाए हैं। यह उपलब्धि उन्होंने 211 बॉल पर हासिल की। जडेजा ने मोहम्मद शमी के साथ 9वें विकेट के लिए फिफ्टी की पार्टनरशिप की। मोहाली टेस्ट की पहली पारी में भारत का स्कोर 500 के पार चला गया है। रवींद्र जडेजा ताबड़तोड़ बल्लेबाजी कर रहे हैं। रवींद्र जडेजा ने यहां अपने करियर का दूसरा शतक पूरा किया, जिसके बाद से ही उन्होंने रनों की रफ्तार बढ़ा दी। रवींद्र जडेजा तेजी से 150 के स्कोर के पास पहुंच रहे हैं। लंच के बाद भारत को झटका लगा।जयंत यादव सिर्फ 2 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इसके बाद भारत का स्कोर 471 रनों पर 8 विकेट हो गया है। स्पिन ऑलराउंडर जडेजा ने मोहाली टेस्ट में कमाल की पारी खेली। उन्होंने करियर का दूसरा शतक जड़ दिया है। जडेजा ने शतक के लिए 160 गेंद खेलीं। उन्होंने अश्विन के साथ 7वें विकेट के लिए 174 बॉल पर 130 रन की पार्टनरशिप भी की। भारतीय टीम को 462 रन के स्कोर पर 7वां झटका लगा।

## शेन वार्न के निधन पर क्रिकेट सहित राजनीति और हालीवुड के दिग्गजों ने दी श्रद्धांजलि

**मुंबई।** महान फिरकी गेंदबाज शेन वार्न के अचानक निधन पर क्रिकेट जगत ही नहीं अन्य खेलों के खिलाड़ियों और अपने क्षेत्रों की लोकप्रिय हस्तियों ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन से लेकर हॉलीवुड अभिनेता रसेल क्रो और ह्यू जैकमैन तक ने महान स्पिनर को श्रद्धांजलि दी। शेन वार्न की टीम के साथियों ने दिग्गज क्रिकेटर के साथ बिताए दिनों को याद किया। आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने लिखा, इसे शब्दों में बयां करना मुश्किल है। मैं उनसे पहली बार अकादमी में तब मिला था जब मैं 15 साल का था। उन्होंने मुझे मेरा उपनाम दिया। हम एक दशक से अधिक समय तक टीम के साथी रहे। हमने सभी उतार-चढ़ाव एक साथ देखे। अलविदा किंग। कीथ, ब्रिजेट, जेसन, ब्रुक, जैक्सन और समर के प्रति मेरी संवेदना है।''

ग्लेन मैकग्रा ने कहा, मैंने सोचा था कि उसके साथ कुछ भी नहीं हो सकता है। अधिकतर लोग 20 की उम्र के आसपास जैसी जिंदगी जीते हैं वह उनसे बेहतर जीवन जी रहा था। आस्ट्रेलिया के एक अन्य पूर्व कप्तान मार्क टेलर ने कहा, ÷उनका जीवन उथल-पुथल भरा रहा है, लेकिन उन्होंने खुलकर जीवन जिया।''अपने जमाने के महानतम खिलाड़ी के निधन का कई अन्य की तरह ब्रायन लारा और विवियन रिचर्ड्स को भी विश्वास नहीं हो रहा है। लारा ने कहा, दिल टूट गया। मैं स्तब्ध हूं। मैं सचमुच नहीं जानता कि इस स्थिति से कैसे आगे बढ़ा जाए। मेरा दोस्त चला गया है। हमने अब तक के सबसे महान खिलाड़ियों में से एक को खो दिया है। मेरी संवेदना उनके परिवार के साथ है। श्रद्धांजलि वार्न। आपको हमेशा याद किया जाएगा।'' रिचर्ड्स ने लिखा, अविश्वसनीय। मैं अंदर तक हिल गया हूं। यह सच नहीं हो सकता। ईश्वर आपकी आत्मा को शांति प्रदान करे। मैं अभी जो महसूस कर रहा हूं उसका वर्णन करने के लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वान ने कहा, ''शेन अब तक के सबसे महान क्रिकेटर थे, लेकिन इससे भी अधिक उनके अंदाज ने हर ड्रेसिंग रूम, कमेंट्री बॉक्स, बार, गोल्फ क्लब और दोस्तों के ग्रुप में चार चांद लगाए। इंग्लैंड के दिग्गज आलराउंडर इयान बॉथम ने कहा, ''मैंने खेल के मैदान पर और उससे बाहर एक प्यारा दोस्त खो दिया है। वह सर्वश्रेष्ठ में से एक था। आस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने कहा, ''हमारे खेल के दो दिग्गजों ने हमें बहुत जल्द छोड़ दिया है। मेरे पास शब्द नहीं हैं। (रॉडनी) मार्श और वार्न परिवार के साथ मेरी संवेदनाएं हैं। अपना 100 वां टेस्ट मैच खेल रहे पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली ने बीसीसीआई द्वारा पोस्ट किए वीडियो में कहा, कल रात खबर मिली। यह अप्रत्याशित है। मेरे लिए वह यह खेल खेलने वाले सबसे महान स्पिनर हैं। उन्हें निश्चित रूप से याद किया जाएगा।''

## इमाम और अजहर का विकेट लाने के लिए तरसे कंगारु गेंदबाज

### पैट कमिंस ने पार्ट टाइम गेंदबाज भी उतारा

**रावलपिंडी।** पाकिस्तानी रावलपिंडी टेस्ट में बड़े स्कोर की तरफ बढ़ रही है। पहले दिन के नाबाद शतकवीर इमाम उल हक और अजहर अली ने शानदार बल्लेबाजी की। दोनों ने अपने दमदार प्रदर्शन के चलते ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी को बौना साबित कर दिया। पाकिस्तान का एक मात्र विकेट अब्दुल्लाह शफीक के रूप में मैच के पहले दिन गिरा था। शफीक 44 रन बनाकर आउट हुए थे। उसके बाद इमाम और अजहर ने अपनी सूझबूझ भरी पारियों के चलते कंगारू गेंदबाजों के नाकों चने चबवा दिए। पाकिस्तान की साझेदारी तोड़ने के लिए कप्तान पैट कमिंस ने अपने पार्ट टाइम गेंदबाजों से भी बॉलिंग करवा दी, लेकिन उनका कोई भी पैंतरा काम नहीं आया। लंच के बाद इमाम आउट हुए। लेकिन इससे पहले इमाम साथी बल्लेबाज अजहर के साथ 200 से अधिक रनों की साझेदारी कर चुके थे। कुल मिलाकर रावलपिंडी टेस्ट में ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज विकेट के लिए तरस रहे हैं।

इमाल और अजहर ने बहुत हद तक पाकिस्तान को सुरक्षित स्थिति में पहुंचा दिया है। दूसरे दिन के भोजनावकाश तक मेजबानों ने 1 विकेट पर 302 रन बनाए थे। इमाम 157 रन बनाकर आउट हुए, वहीं अजहर शतक जड़कर नाबाद हैं। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से देखा जाए,तब मिचेल स्टार्क , जोस हेजलवुड , नाथन लियोन और पैट कमिंस जैसे गेंदबाजों ने लंबे-लंबे स्पेल किए। लेकिन इन दोनों पाकिस्तानी बल्लेबाजों की साझेदारी नहीं तोड़ सके। पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज इमाम उल हक ने इस टेस्ट मैच में अपने करियर की सर्वोच्च पारी खेली। हालांकि क्रिकेट के सबसे बड़े फॉर्मेट में यह उनका पहला शतक है। उन्होंने साल 2018 में आयरलैंड के खिलाफ अपने टेस्ट करियर का आगाज किया था। इमाम पाकिस्तान के लिए अब तक 11 टेस्ट खेल चुके हैं।

### रुस-यूक्रेन संकट के बीच सोना 54,000 रुपये का स्तर छु सकता

**नई दिल्ली।** रुस-यूक्रेन जंग की वजह से पूरी दुनिया टेंशन में है। क्रूड ऑयल से लेकर महंगाई तक नई समस्याएं सामने आ रही हैं। दुनिया भर में कमोडिटीज के भाव में भारी तेजी देखने को मिल रही है। एमसीएक्स पर सोने के भाव में मई 2021 के बाद सबसे बड़ी तेजी देखने को मिली है। शनिवार को एमसीएक्स गोल्ड प्राइस 52,549 रुपये प्रति 10 ग्राम पर नजर आ रहा है। तमाम कमोडिटी एक्सपर्ट्स का मानना है कि नियर टर्म में सोना 54,000 रुपये का स्तर छु सकता है। बाजार जानकार ने



बताया कि रूस और यूक्रेन के संघर्ष ने बाजार में रिस्क सेटिमेंट को बढ़ा दिया है। लिहाजा लोग सोने में भारी निवेश करते नजर आ रहे है। गोल्ड की सुरक्षित निवेश विकल्प की अपील और ज्यादा बढ़ गई है। बढ़ते तनाव के बीच इस हफ्ते सोने की कीमतों में मई 2021 के बाद सबसे बड़ी साप्ताहिक बढ़ोतरी देखने को मिली है। इस बीच दूसरी कमोडिटी और कच्चे तेल की कीमतों में आए उबाल के चलते महंगाई से जुड़ी चिताएं और बढ़ गई है। इसकारण लोग महंगाई से निपटने के लिए हैजिंग रणनीति के तहत सोने में खरीदारी करते नजर आ रहे है। जानकार बताते हैं, कि हाजिर बाजार में 2022 में अब तक डॉलर के मुकाबले रुपया 2.48 फीसदी टूट गया है, जबकि 1 हफ्ते में ही यह 1.10 फीसदी टूटा है। अनुमान है कि कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों की वजह से भारत से डॉलर की निकासी में अभी और तेजी देखने को मिलेगी जिसके चलते रूपया हमें नियर टर्म में 77 के लेवल पर जाता दिख सकता है। डॉलर के मुकाबले रुपये में आने वाले 1 रुपये का बदलाव सोने की प्रति 10 ग्राम की कीमत में 250-300 रुपये का बदलाव लाता है। इसके बाद रुपये की कमजोरी एमसीएक्स पर सोने की कीमतों में बढ़ोतरी की एक और वजह हो सकती है।

## चीनी कंपनी हुआवेई ने भारत में कर चोरी के लिए अपनाया गजब फार्मूला

### आयकर छापेमारी से हुआ खुलासा

**नई दिल्ली।** चीनी की मशहूर कंपनी हुआवेई ने भारत में टैक्स चोरी के लिए बड़ा हथकंडा अपनाया है। आयकर विभाग ने छापेमारी कर बड़ा खुलासा किया है। 400 करोड़ रुपये की आय को कम मार्जिन बताते हुए और संबंधित पक्षों को 350 करोड़ रुपये की रॉयल्टी का भुगतान किया गया है। आयकर विभाग ने 15 फरवरी को हुआवेई समूह पर तलाशी और जब्ती अभियान चलाया था। दिल्ली, गुरुग्राम और बेंगलुरु में कई ठिकानों पर छापेमारी की गई। मुख्य व्यावसायिक परिसर के साथ-साथ प्रमुख पदाधिकारियों के आवासीय परिसर की भी तलाशी ली गई।

छापेमारी से इकट्ठा किए गए साक्ष्य और दर्ज किए गए बयानों से यह भी पता चला कि हुआवेई ग्रुप में से एक कंपनी संबंधित पक्षों से कम शुद्ध मार्जिन का खुलासा कर रही है। वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा, %जांच के दौरान एकत्र किए गए साक्ष्य से 400 करोड़ रुपए की आय के दमन का पता चला है।÷ हालांकि मंत्रालय ने कंपनी का नाम नहीं बताया है। तलाशी के दौरान यह पाया गया कि इस ग्रुप ने हाल के वित्तीय वर्षों में अपने संबंधित पक्ष को रॉयल्टी के लिए अपने खाते की पुस्तकों में 350 करोड़ रुपए से अधिक डेबिट किए हैं। इस तरह के खर्च ब्रांड और तकनीकी जानकारी से संबंधित वस्तुओं के उपयोग के लिए किए गए हैं। मंत्रालय ने कहा, हुआवेई ऐसी किसी भी सेवा/तकनीकी जानकारी जानकारी देने में विफल रहा जो रॉयल्टी दर को प्रमाणित करते हों। छापेमारी के दौरान यह भी पता चला है कि इस ग्रुप ने भारत के बाहर अपने संबंधित पक्षों से तकनीकी सेवाओं की प्राप्ति के खिलाफ बढ़े हुए भुगतान किए हैं। निर्धारिती कंपनी ऐसी कथित तकनीकी सेवाओं को प्राप्त करने की वास्तविकता को सही नहीं ठहरा सकती जिसके बदले भुगतान किया गया है। इसमें कहा गया है कि निर्धारिती कंपनी द्वारा ऐसी सेवाओं की प्राप्ति के लिए पांच साल की अवधि में 129 करोड़ रुपये का खर्च किया गया है। मंत्रालय ने कहा कि समूह ने भारत में अपनी कर योग्य आय को कम करने के लिए खर्च के लिए विभिन्न हथचंडे अपनाए हैं। जांच के दौरान यह ग्रुप ऐसे दावों के लिए कोई पर्याप्त सबूत प्रदान करने में विफल रहा है।

## गौतम अडानी ने फिर हासिल किया एशिया के सबसे बड़े रईस का रुतबा

### रिलायंस के चेयरमैन मुकेश अंबानी टाप 10 से बाहर

**नई दिल्ली।** अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी ने एक बार फिर एशिया के सबसे बड़े रईस होने का रुतबा हासिल कर लिया है। उन्होंने देश की सबसे मूल्यवान कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी को पछाड़कर यह रुतबा हासिल किया है। इस साल दूसरी बार अडानी ने अमीरों की लिस्ट में अंबानी को पीछे छोड़ा है। ब्लूमबर्ग के मुताबिक अडानी 86.6 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ एशिया में पहले नंबर पर पहुंच गए हैं। दुनिया के अमीरों की लिस्ट में अडानी 10वें नंबर पर हैं इस साल कमाई के मामले में अडानी सबसे ऊपर हैं।इस साल उनकी नेटवर्थ में 10 अरब डॉलर का इजाफा हुआ है। टॉप टेन अमीरों में अडानी के अलावा केवल अमेरिका के दिग्गज निवेशक वॉरेन बफे ने कमाई की है। बाकी सभी अमीरों की नेटवर्थ



में इस साल गिरावट आई है। दुनिया के सबसे बड़े रईस एलन मस्क की नेटवर्थ में 54.4 अरब डॉलर की गिरावट आई है। इस बीच अंबानी इस लिस्ट में एक स्थान फिसलकर टॉप 10 से बाहर हो गए हैं। शुक्रवार को उनकी कंपनी रिलायंस के शेयरों में 2.12 फीसदी की गिरावट आई। इससे अंबानी की नेटवर्थ में 2.65 अरब डॉलर की गिरावट आई और यह 86.0 अरब डॉलर रह गई। इस साल उनकी नेटवर्थ में 3.95 अरब डॉलर की गिरावट आई है। इस साल अंबानी दूसरी बार अडानी से पिछड़े हैं। इससे पहले फरवरी में भी अडानी उनसे आगे हो गए थे। हालांकि उनकी बादशाहत ज्यादा दिन नहीं रही थी और अंबानी फिर उनसे आगे हो गए थे। ब्लूमबर्ग के मुताबिक ऐमजॉन के फाउंडर जेफ बेजोस 170 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में दूसरे नंबर पर हैं। फ्रांसीसी बिजनसमैन बर्नार्ड आरनॉल्ट (153 अरब डॉलर) तीसरे और माइक्रोसॉफ्ट के को-फाउंडर बिल गेट्स (128 अरब डॉलर) चौथे नंबर पर हैं।

### क्रिप्टोकरेंसी मार्केट धड़ाम, 4.49 फीसदी से ज्यादा की गिरावट

**नई दिल्ली।** रूस-यूक्रेन संकट के कारण दुनिया भर के बाजार की हालत खराब है। भारी उतार-चढ़ाव से शेयर मार्केट गुजर रहा है। यही हाल क्रिप्टो मार्केट का भी है। पिछले 24 घंटे में क्रिप्टोकरेंसी मार्केट के कैपिटलाइजेशन में 4.49 फीसदी से ज्यादा की गिरावट हुई है। यह 1.75 लाख करोड़ डॉलर पर रहा है। इस अवधि में इसके ट्रेडिंग वॉल्यूम में भी 3.43 फीसदी की गिरावट देखी गई हैं, और यह 83.23 अरब डॉलर पर रहा है। पिछले 24 घंटों के दौरान डिसेंट्रलाइज्ड फाइनेंस 14.08 अरब डॉलर पर रहा है।



# कुब्रा सैत ने कंगना रणौत पर साधा निशाना



किसान आंदोलन को लेकर हॉलीवुड की पॉप स्टार रिहाना के ट्वीट के बाद कंगना ने भी उन्हें जवाब दिया है। इसके बाद से ही कंगना एक बार फिर से सुर्खियों में आ गई हैं। कंगना ने रिहाना को जैसे ही जवाब दिया, इसके बाद से सोशल मीडिया पर मीम्स की भी बाढ़ आ गई। इसके अलावा अलग- अलग तरह से लोग प्रतिक्रिया देने लगे। इसी बीच सेक्रेड गेम्स फेम अभिनेत्री कुब्रा सैत ने भी कंगना रणौत पर तंज कसा है। कंगना ने रिहाना को अपने अंदाज में जवाब दिया। लेकिन उनके ही साथी कलाकारों को उनकी ये तल्ख टिप्पणी पसंद नहीं आई। जिसके लिए उन्होंने कंगना का विरोध किया है। इन सेलेब्स में अभिनेत्री कुब्रा सैत का नाम भी शामिल है। कुब्रा सैत ने कंगना का नाम लिए बिना ही उनके ऊपर तंज कसा है। कुब्रा ने अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट के जरिए कंगना नाम लिए बिना उन पर तंज कसा। कुब्रा ने अपने ट्वीट में लिखा, चीन चीन बुला बुला के बेड़ा गर्क कर दिया है! कुब्रा के इस ट्वीट में कंगना का नाम तो नहीं है लेकिन उन्होंने इसमें चीन लिखा है और कंगना को ही चीन कहकर संबोधित किया जाता है। ऐसे में कुब्रा का ये ट्वीट कंगना पर तंज ही माना जा रहा है। कंगना ने रिहाना के ट्वीट का जवाब देते हुए लिखा था, कोई भी बात इसलिए नहीं कर रहा है क्योंकि ये किसान नहीं, आतंकवादी हैं।

## चूहा बिल्ली में दो-ध्रुवीय किरदार निभाएंगी अदा शर्मा



अदा शर्मा अब चूहा बिल्ली नाम की एक फिल्म में दिखाई देंगी, जिसमें वह दो-ध्रुवीय और डिप्रेशन की शिकार लड़की का किरदार निभाएंगी। अदा ने बताया, चूहा बिल्ली में मैं एक ऐसी लड़की की भूमिका निभा रही हूं, जो बायपोलर है। वह डिप्रेशन में है और वह इसका अच्छी तरह से सामना नहीं कर पा रही है। मैं इस कैरेक्टर से बिल्कुल अलग हूं और इसीलिए इस कैरेक्टर ने मुझे आकर्षित किया। हमने फिल्म के लिए बहुत सारी वर्कशॉप कीं। उन्होंने कहा कि फिल्म के निर्देशक प्रसाद कदम चाहते थे कि मुझमें यह बदलाव हर कुछ सेंकेंड में नजर आए। अदा ने कहा, यानी कि वह कैरेक्टर कभी बहुत उत्साहित है और कुछ ही सेकंड में बहुत दुखी हो जाती है। वह चाहते थे कि यह बदलाव बहुत सूक्ष्म हो इसलिए यह सब कुछ आंखों में ही नजर आ जाएगा। मैं लोगों के फिल्म देखने तक का इंतजार नहीं कर पा रही हूं। मैंने अब तक जो भी भूमिकाएं निभाई हैं, यह उससे बहुत अलग है।

## कॉमेडी नहीं, बल्कि ड्रामा में हूं माहिर : शरमन जोशी



अभिनेता शरमन जोशी अपने फिल्मी करियर में एक्सक्यूज मी, रंग दे बसंती, गोलमाल सीरीज और 3 इडियट्स जैसी कई बेहतरीन फिल्मों में काम कर चुके हैं, जिसमें उन्होंने अपनी शानदार कॉमिक टाइमिंग से लोगों को खूब हंसाया है। अब ऐसे में शरमन का यह कहना कि एक कलाकार के तौर पर वह कॉमेडी में नहीं बल्कि ड्रामा में माहिर है, वाकई में हैरान कर देने वाला है। शरमन ने कहा, मुझे लगता है कि ड्रामा मुझमें स्वाभाविक रूप से है। मैं इसे अधिक सहजता के साथ कर लेता हूं। कॉलेज के नाटकों से जब मैंने एक्टिंग की शुरुआत की थी, तो मैं इसमें काफी सहज था। मुझे इसे अधिक समझना या सीखना नहीं पड़ा। कॉमेडी की जगह यह मुझे अधिक सही ढंग से करने आया। उन्होंने आगे बताया, मैं कॉमेडी में भी अच्छा था, लेकिन मुझे इसकी बारीकियां सीखनी पड़ीं। थिएटर के अपने अनुभव के साथ मुझे इन बारीकियों पर काम करने का भरपूर मौका भी मिला।

# रानी मुखर्जी नहीं चाहती थीं इस फिल्म में काम करना



संजय लीला भंसाली की फिल्म ब्लैक को रिलीज हुए आज 16 साल पूरे हो गए हैं। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन और रानी मुखर्जी ने अभिनय किया है। बेहद चुनौतीपूर्ण भूमिका निभाने वाली रानी मुखर्जी ने यह कहकर चौंका दिया है कि पहले वे यह भूमिका निभाने के लिए तैयार नहीं थीं। दिव्यांग लड़की मिशेल मैकनेली का रोल निभाने वाली रानी ने कहा, जब संजय ने मुझे यह रोल ऑफर किया तो मैं इसे करने के लिए तैयार नहीं थी। इसके पीछे की वजह फिल्म या किरदार को लेकर कोई संदेह नहीं था, क्योंकि उनके साथ काम करना हर अभिनेता का सपना होता है। मैं भी यह मौका पाकर खुश थी लेकिन एक अभिनेता के तौर पर मुझे भरोसा नहीं था कि मैं ये काम कर पाऊंगी। मैंने इस बारे में संजय से चर्चा भी की, क्योंकि यह बहुत ही मुश्किल रोल था। मैं पहले इस रोल को लेकर बहुत डरी हुई थी।

रानी ने आगे कहा, जब उन्होंने कहा कि उन्हें विश्वास है कि मैं ये किरदार निभा लूंगी और वो मुझे हर कदम पर इसके लिए मार्गदर्शन देंगे, तब मुझमें इसे लेकर आत्मविश्वास जागा। संजय ने अपना वादा पूरा किया। मुझे गहन प्रशिक्षण दिया गया। मैंने साइन लैंग्वेज सीखी। ऐसे लोगों के साथ मैंने 6 महीने तक बातचीत की और उनकी जिंदगी को करीब से देखा, तब कहीं जाकर मैं मिशेल का किरदार निभाने के लिए सक्षम हो पाई। इस फिल्म को देखने के बाद दिलीप कुमार ने उनके अभिनय की सराहना की। रानी ने बताया, दिग्गज अभिनेता दिलीप कुमार ने फिल्म देखने के बाद मुझे एप्रीसिएशन लेटर भेजा। मुझे लगता है कि एक अभिनेता के रूप में मिली तारीफों में ये मेरे लिए सबसे अहम है कि उन जैसे दिग्गज अभिनेता ने मेरी सराहना की।

# मुसीबत का साथी है गुलाबजल, इन टिप्स की गांठ बांध लें लड़के-लड़कियां

■ चाहे आप कॉलेज जाते हैं या ऑफिस, कोई भी लड़का और लड़की इस बात से इनकार नहीं कर सकते कि उनकी लाइफ में बेड हेयर डे या बेड स्किन डे नहीं आते। कभी बाल बहुत बेढंगे लग रहे होते हैं तो कभी त्वचा एकदम मुरझाई हुई। नहाने के बाद भी नहीं लगता कि जैसे नहाकर निकले हैं।

■ वहीं, कई बार ऐसा भी होता है, जब आपके पास नहाने का समय ही नहीं होता। क्योंकि देर से आंख खुलने के कारण आपके पास रेडी होने का वक्त ही नहीं बचता। ऐसे में गुलाबजल आपके लिए लाइफ सेवर की तरह काम कर सकता है। हम यहां आपको गुलाबजल की मदद से दो मिनट में रेडी होने के टिप्स बता रहे हैं...

### नहाने का समय नहीं बचा है

■ ऑफिस या क्लास के लिए देर हो रही है और आपके पास नहाने का समय नहीं बचा हो तो फिकर नोट, गुलाबजल है ना! गुलाबजल की बॉटल उठाइए चेहरे से लेकर अंडरआर्म्स तक स्प्रे करिए और सूती रुमाल (कॉटन हैंकी) से हल्के हाथों से पोछ लीजिए।

■ कपड़े पहनकर रेडी हो जाइए, आपके सिवा किसी को पता नहीं चलेगा कि आज आप नहाए नहीं हैं! इस बात का ध्यान रखें कि कॉटन के हैंकी से सबसे पहले हल्के हाथों से चेहरा पोछें और फिर अंडरआर्म्स। इससे जब तक आप अंडरआर्म्स साफ करेंगे चेहरे पर ताजगी आ जाएगी।

### जब बाल बुरे लग रहे हों

■ आपके पास शैंपू करने का समय नहीं है और बाल हैं कि सेट होने का नाम ही नहीं ले रहे हैं। कोई समस्या नहीं। परेशान होने के बजाय गुलाबजल स्प्रे उठाएं और बालों पर बीच-बीच में हल्का स्प्रे कर लें।



■ यदि आपके पास गुलाजल की स्प्रे बॉटल नहीं है तो हथेली में गुलाबजल लेकर उंगलियों की मदद से बालों में लगाएं। कंघी करें आपके बाल आराम से सेट हो जाएंगे। साथ ही फ्रेशनेश और नैचरल खूशबू के कारण आपको देखकर यह भी नहीं लगेगा कि आप नहाए नहीं हैं!

### सिर में बहुत खुजली हो रही हो तब

■ अगर सिर में डैंड्रफ के कारण खुजली हो रही है या फिर कई दिन से शैंपू नहीं कर पाए हैं इसलिए खुजली हो रही है, तब भी परेशान ना हों। गुलाबजल लें और इसे बालों की जड़ों में तेल की तरह लगाएं।

■ पूरे सिर में तेल की तरह इसे लगाने के बाद बहुत हल्की-सी मसाज करें। फिर गुलाबजल हाथों में लेकर हल्का-हल्का बालों पर लंबाई में भी लगा लें। कंघी करें और अपने बाल बांध लें। आज के लिए खुजली से शांति मिल जाएगी। साथ ही आप फ्रेश भी लगेंगे।

### आंखों पर सूजन है

■ रात को ठीक से सो नहीं पाए या बहुत अधिक सो लिए हैं तो आंखों पर सूजन तो आएगी ही। चलिए अब इसे उतारने का काम करते हैं। गुलाबजल की मदद से दो रुई के फोहे बना लें। अब इन्हें पलकों पर रखें और कुछ देर के लिए लेट जाएं।

■ यदि लेटने का समय नहीं बचा है तो इन्हें आंखों पर रखकर हल्के हाथों से दबाएं। सिर्फ 1 से 2 मिनट के ऐसा करें और अपने दूसरे काम निपाटकर ऑफिस या कॉलेज के लिए निकल जाएं।

# प्रिया प्रकाश वारियर की टॉलिवुड डेब्यू फिल्म चेक का ट्रेलर रिलीज



कभी अपनी आंखों के इशारों से दुनियाभर के लोगों का दिल जीतने वाली ऐक्ट्रेस प्रिया प्रकाश वारियर की नई फिल्म चेक का ट्रेलर रिलीज हो गया। इस फिल्म से प्रिया टॉलिवुड डेब्यू कर रही हैं। इसमें पॉप्युलर ऐक्टर निथिन और रकुल प्रीत सिंह लीड रोल्स में हैं। बता दें, कुछ दिनों पहले 40 सेकंड का एक टीजर रिलीज किया गया था जिसमें फिल्म की झलक दिखाई गई थी। अब मेकर्स ने थ्रिलर ड्रामा का ट्रेलर रिलीज कर दिया है जिसमें कई ट्विस्ट्स और टर्न्स हैं। इसमें निथिन कैदी के रूप में नजर आ रहे हैं जिसे गद्दार दिखाया गया है और उसे मौत की सजा दे दी जाती है। जेल में रहते हुए निथिन का कैरक्टर चैंपियन की तरह अपनी चेस खेलने की क्षमता दिखाता है और कैदी होने के बावजूद वह कई कॉम्पिटिशन्स में हिस्सा लेता है। वहीं, रकुल प्रीत सिंह फिल्म में क्रिमिनल वकील के रोल में हैं जिन्हें लगता है कि निथिन निर्दोष हैं। वह उनके लिए लड़ती हैं ताकि उन्हें सजा ना हो। वह कोर्ट से अपील करती हैं कि निथिन को कॉम्पिटिशन्स में हिस्सा लेने दिया जाए और टैलंट दिखाने का मौका दिया जाए। इसी बीच जेल में कुछ ऐक्शन सीन्स होते हैं और फ्लैशबैक में निथिन के साथ प्रिया प्रकाश वारियर नजर आती हैं।

# वर्कआउट करते समय की अगर ये 5 गलतियां, तो नहीं घटेगा वजन




वजन कम करने के लिए एक्सरसाइज करने के एक डेली रूटीन को फॉलो करने से पहले उसकी अच्छे तरीके से प्लानिंग बहुत जरूरी है। एक वेल प्लांड वर्कआउट रूटीन फैट बर्निंग को तेज कर सकता है। इसके अलावा आपकी ढीली त्वचा को भी टोन कर सकता है। वजन घटाने के पीछे के सही मकसद के मुताबिक सही एक्सरसाइज चुनना बहुत मायने रखता है, उसमें हर छोटी बात अहम होती है। बहुत से लोग घंटों जिम और रनिंग ट्रैक में पसीना बहाते हैं, लेकिन फिर भी उन्हें सही नतीजे नहीं मिलते। अगर आप उनमें से एक हैं तो मुमकिन है कि एक्सरसाइज के दौरान गलतियां कर रहे हैं। आज हम आपको बता रहे हैं एक्सरसाइज के दौरान क्या है वे गलतियां, जो आपके वेटलॉस के बीच रुकावट बन रही हैं।

**वर्कआउट के बाद ज्यादा प्रोटीन लेना:** प्रोटीन शरीर के लिए जरूरी है और एक्सरसाइज सेशन के बाद इसे लेने से बॉडी का मेनटेंस और मसल्स को ठीक करने में मदद मिलती है। लेकिन प्रोटीन ड्रिंक्स पर पूरी तरह से डिपेडेंट होने या ज्यादा सेवन से आपको अपने मकसद को जल्द पाने में मदद नहीं मिलेगी। एक हार्डकोर फिजिकली एक्टिव शख्स को सामान्य तौर पर शरीर के वजन के प्रति किलोग्राम के हिसाब से 1.2 से 2.0 ग्राम तक प्रोटीन लेने का सुझाव दिया जाता है। एक्सट्रा प्रोटीन असल में फैट के रूप में शरीर में जमा होता है, जबकि अमीनो एसिड का अतिरिक्त भाग उत्सर्जित होता है। इससे कुछ वक्त बाद वजन बढ़ सकता है।

**अपने आप को चैलेंजिंग लेवल तक नहीं ले जाना:** ज्यादा से ज्यादा कैलोरी बर्न करने और बॉडी से फैट कम करने के लिए आपको अपनी लिमिट को बढ़ाना होगा। जब आप खुद को चैलेंजिंग लेवल तक लेकर जाएंगे तभी कैलोरी को बर्न कर पाएंगे। इसके लिए आपको रोजाना कम-से-कम 30 से 40 मिनट तक एक्सरसाइज करने की जरूरत है। चाहे जिमिंग हो, वॉकिंग हो या रनिंग, ऐसा सभी तरह की एक्सरसाइज को लेकर फॉलो करना है।

**पूरी तरह कार्डियो पर फोकस करना:** यह तो सभी मानते हैं कि कार्डियो एक्सरसाइज आपको ज्यादा कैलोरी बर्न करने में मदद कर सकती है। सच यह है कि स्ट्रेंथ ट्रेनिंग एक्सरसाइज आपके आराम करने के दौरान भी कैलोरी बर्न करने में मददगार साबित हो सकती हैं। जब मकसद वेटलॉस करना हो तो केवल कार्डियो पर डिपेंड करना सही नहीं हो सकता है। दोनों तरह की एक्सरसाइज के बीच बैलेंस बनाए रखें। वजन कम पर फोकस रखने वाले को यह याद रखना चाहिए कि यह आपके वेटलॉस का एकमात्र तरीका नहीं है। हमारा वजन एक दिन में 2 किलो तक घट या बढ़ सकता है, यह इस बात पर निर्भर करता है कि हम कितना खाना और लिक्विड लेते हैं।

## साथ में दो इमरान हाशमी देखकर चौंके फैन्स



इमरान हाशमी रीसेंटली भले ही सिलेक्टेड फिल्मों में नजर आ रहे हों लेकिन उनका अलग ही फैन बेस है। फिलहाल वह अपनी अपकमिंग फिल्म मुंबई सागा को लेकर चर्चा में हैं। रीसेंटली उनका एक वीडियो खूब वायरल हो रहा है। इसमें आप एक साथ दो इमरान हाशमी देखकर चौंक जाएंगे। इमरान हाशमी को रीसेंटली जिम के बाहर कुछ फटॉग्रफर्स मिल गए। सबसे इंट्रेस्टिंग बात थी कि इमरान के साथ उनका एक जबरा फैन भी था, जो काफी कुछ उनके जैसा दिख रहा था। इमरान ने अपने इस फैन के साथ तस्वीरें खिंचवाई। उनके इस वीडियो मजेदार कॉमेंट्स आए हैं। एक सोशल मीडिया यूजर ने लिखा है, मैं फैन को इमरान समझा। वहीं एक और ने लिखा है, अगर इमरान हाशमी मीडियम साइजहैं तो ये एक्स्ट्रा स्मॉल इमरान हाशमी है। कई लोगों को इमरान और उनके फैन का लुक सेम टु सेम लग रहा है। इमरान हाशमी के वर्क फ्रंट पर बात करें तो बीते साल वह द बॉडी, वाई चीट इंडिया में नजर आए थे। उनकी फिल्म मुंबई सागा की शूटिंग अगस्त 2019 में शुरू हुई थी। मार्च 2020 में कोरोना के चलते इसको रोकना पड़ा। जून 2020 में इसकी शूटिंग फिर से शुरू हुई थी जो कि अक्टूबर 2020 में पूरी हो चुकी है।

## परमहंस योगानंदः जीवन में भी योगी और मृत्यु में भी योगी

**(परमहंस योगानंद और उनके गुरु श्रीयुक्तेश्वर गिरि की महासमाधि पर विशेष)**

भारत भूमि आदि काल से ही योगियों व ऋषि-मुनियों की जन्म-शरण और तपोस्थली रही है। भगवान श्री कृष्ण, महावतार बाबाजी, लाहिड़ी महाशय, श्रीयुक्तेश्वर गिरि और श्री श्री परमहंस योगानंद की परंपरा के संतों ने विश्व को क्रियायोग के रूप में एक ऐसी वैज्ञानिक तकनीक दी है जिससे कोई भी मानव अपनी आत्मा की अमरता के लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। ऐसे ही संत स्वामी श्रीयुक्तेश्वर गिरि और उनके शिष्य योगानंदजी की महासमाधि के दिवस भी आसपास पड़ते हैं। योगानंदजी ने 7 मार्च, 1952 को शरीर त्याग कर महासमाधि में प्रवेश किया था और उनके गुरु श्रीयुक्तेश्वर गिरि ने 9 मार्च, 1936 को। योगानंदजी ने अमेरिका के लॉस एन्जिलिस में शरीर त्याग करने के बाद यह प्रमाणित कर दिया था कि वह जीवन में ही नहीं अपितु मृत्यु में भी योगी ही थे। योगानंदजी की विश्व विख्यात पुस्तक 'ऑटोबायोग्राफी ऑफ ए योगी' के अनुसार योगानंदजी का जन्म 5 जनवरी, 1893 को उत्तर प्रदेश के गोरखपुर शहर में हुआ था। बाल्यकाल से ही ईश्वर के प्रति उनमें अनंत आस्था और आकर्षण था। पिता भगवतीचरण घोष रेलवे में एक बड़े अधिकारी थे, मां ज्ञानप्रभा गृहणी थी। दोनों ने ही काशी के महान संत श्यामाचरण लाहिड़ी से क्रियायोग की दीक्षा प्राप्त की थी। योगानंद जब शिशु थे उस समय लाहिड़ी महाशय ने उनको अपनी गोद में लेकर आध्यात्मिक आशीर्वाद के रूप में उनके ललाट पर हाथ रख उनकी मां से कहा था कि तुम्हारा पुत्र एक योगी होगा। वह एक आध्यात्मिक इंजन बनकर अनेक आत्माओं को ईश्वर के साम्राज्य में ले जाएगा। 1915 में कोलकाता विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि प्राप्त करने के पश्चात योगानंदजी को उनके गुरू श्रीयुक्तेश्वर गिरि ने सन्यास की दीक्षा दी। श्रीयुक्तेश्वर भी लाहिड़ी महाशय के शिष्य थे। दीक्षा के समय उन्होंने भविष्यवाणी की थी कि योगानंदजी के जीवन का विशिष्ट उद्देश्य भारत के प्राचीन योग विज्ञान का विश्व में प्रसार करना होगा। 1920 में योगानंद अमेरिका के बोस्टन शहर में धार्मिक उदारवादियों के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में प्रतिनिधि के रूप में भाग लेने गए। बाद में उन्होंने अमेरिका में सेल्फ़-रियलाइज़ेशन फ़ेलोशिप (एसआरएफ़) और भारत में योगदा सत्संग सोसाईटी ऑफ़ इंडिया (वाईएसएस) की स्थापना की। ये संस्थाएँ आज भी धर्म और संप्रदाय से ऊपर उठ कर क्रियायोग विज्ञान को अपनाने के इच्छुक हर आकांक्षी मानव के लिए कार्यरत हैं। 7 मार्च 1952 को लॉस एंजिल्स में महासमाधि के समय परमहंस योगानंदजी का पार्थिव शरीर जैसे तरोताज़ा था कृ 20 दिन बाद, 27 मार्च को भी उसकी स्थिति वैसी ही थी। इस बात की पुष्टि लॉस एन्जिलिस के फॉरेस्ट लॉन मैमोरियल पार्क (जहाँ उनका पार्थिव शरीर अस्थायी रूप से रखा गया है) के कर्मचारियों ने भी की जब उन्हें इस बात पर विस्मय हुआ कि काँच के आवरण से निरीक्षण करने पर उनके शरीर में और त्वचा पर किसी प्रकार की विक्रिया या दुर्गंध नहीं पाई गई। वहां के निदेशक हैरी टी. रोंवे ने एक प्रमाण पत्र जारी किया जिसके मुताबिक ÷...मृत्यु के बीस दिन बाद भी उनके शरीर में किसी प्रकार की विक्रिया नहीं दिखाई पड़ी। ...न तो त्वचा के रंग में किसी प्रकार के परिवर्तन के संकेत थे और न शरीरतन्तुओं में शुष्कता ही आयी प्रतीत होती थी। शवागार के वृत्ति-इतिहास से हमें जहाँ तक विदित है, पार्थिव शरीर के ऐसे परिपूर्ण संरक्षण की अवस्था अद्वितीय है।

# सेल्फी से मौतें - हम नहीं सुधरेगें, खुद ही बेमौत मरते रहेगें?

**नरेन्द्र भारती**

कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक पर्यटक सेल्फी लेते समय असमय ही काल के गाल में समाते जा रहे हैं।देश मे समय-समय पर ऐसे हादसे होते रहते है मगर सबक न सीखना लोगों की आदत बन गई है।देश कभी रेल से लटकते समय व पटरीयों पर सेल्फी ली जाती है तो कभी बहते पानी में ली जाती है।चटटानों पर खड़े होकर ली जा रही है।पहाड़ियों पर चढकर पांव फिसल रहे है।सेल्फी जानलेवा साबित हो रही है।सेल्फी की यह खतरनाक प्रवृति बढ़ती ही जा रही है। ताजा घटनाक्रम में गुरुग्राम में सेल्फी लेते समय चार युवकों की दर्दनाक मौत हो गई।यह चलती रेल के सामने सेल्फी लेना चाहतें थे कि बेमौत मारे गए।देश में यह कोई पहला हादसा नहीं है हर रोज सेल्फी की वारदातें हो रही है। जरा सी असावधानी से सेल्फी घातक सिद्व हो रही है।देश में सेंल्फौ के हर रोज ऐसे दर्दनाक हादसों से आत्मा सिहर उठती है कि कुछ लोग जान-बूझकर मौत के आगोश में समाते जा रहे है। नदियों के किनारे लोग डूब रहे है। खुद ही मौत के मुंह में समाते जा रहे है।सेल्फी के कारण परिवार के परिवार तबाह हो रहे है।केन्द्र सरकार को ऐसे मामलों पर संज्ञान लेना होगा।देश के युवा सेल्फी लेते समय इतने अंधे कैसे हो जाते है कि अपनी जान जोखिम में खुद डाल देते है और असमय ही बेमौत मारे जा रहे है।ऐसी त्रासदियां असमय ही घर के चिरागों को बूझा रही है अगर इन मामलो पर संज्ञान लिया जाए।अगर प्रशासन इन संगीन मामलों पर लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए।सेल्फी के लापरवाही के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं।है।है।कैसी विडंबना है कि लोग खुद की घोर लापरवाहीयों के कारण बेमौत मर रहें है।लाशों के अंबार लग रहे हैं।बेखौफ होकर लोग जोखिम ले रहें है।पर्यटकों पर हम नहीं सुधरेगें,का लेबल लगा हुआ है।यह कहावत बिगड़ैल पर्यटको पर सटीक बैठती है कि इतने हादसों के बाद भी समझ नहीं आ रही हैं। 2020 व 2021 में भी काफी हादसे हुए है।यह संख्या घटने के बजाए बढ़ती ही जा रही है। आंकड़ों के अनुसार तमिलनाडू में चलती रेल के सामने सेलफी लेते समय मौत हो गई थी।19 जून 2021 को फिरोजाबाद में एक दिव्यांग की सेलफी लेते समय पटरी पर गिर गया तब उसका दोस्त उसे बचाने आया और एकदम से रेल आ गई और दोनों की दर्दनाक मौत हो गई।16 अक्तूबर 2019 बुधवार को कुल्लू की धार्मिक नगरी मणिकर्ण में पार्वती नदी के किनारे सेल्फी ले रही दो पर्यटक युवतियां अचानक नदी में बह गई थी एक को निकाल लिया गया था। जबकि दूसरी बह गई।सेल्फी लेते समय पांव फिसलने से यह हादसा पेश आया था। यह युवतियां नदी किनारे एक पत्थर पर सेलॅफी ले रही थी। यह युवतियां असम व दार्जिलिंग की रहने वाली थी।पर्यटक मनमानी करते है।6अक्तूबर2019 को ताजा मामला तमिलनाडू के मरमपटी के पांबारु बांध में घटित हुआ था जहां सेल्फी लेते समय एक ही परिवार के चार लोगों की पांबारु बांध में गिरने से दर्दनाक मौत हों गई थी।एक को बचा लिया गया था ।परिवार के सब लोग पानी में बह गए थे ।केवल मात्र परिवार का एक सदस्य ही बच पाया था।मृतकों में नवविवाहित युगल व उनके सगे संम्बधी थे। देश में2017 में 98 लोग सेल्फी लेते समय मारे गए। 2011 से 2018 तक 259 लोग मारे गए। विदेशी पर्यटक की मौतें ज्यादा हो रही हैं।कुल्लू - मनाली में सैंकड़ों ऐसे मामले घटित हो चुके हैं। खुद ही मौत को दावत दे रहें है। गत वर्ष 2018 में भी एक ऐसी ही घटना कुल्लु में घटित हुई थी कुल्लु की मनीकर्ण घाटी में पार्वती नदी के किनारे दिल्ली का एक पर्यटक सेल्फी लेते नदी में गिर गया था और पानी के तेज बहाब में बह गया था।उसकी लाश नहीं मिल पाई थी।समझ नहीं आता की लोग पिछले घटित हादसों से सबक क्यों नहीं लेते। गत वर्ष भी हिमाचल प्रदेश में सेल्फी के चक्कर में एक छात्रा को जान से हाथ धोना पड़ा था तथा दूसरी को बचा लिया गया था। यह दोनो छात्राएं शिमला के सुन्नी क्षेत्र में कोलडैम के समीप सेल्फी ले रही थी कि अचानक एक छात्रा का पांव फिसला और वह डूब गई दूसरी छात्रा उसे बचाते समय डूबने



लगी मगर बचाव दल के सदस्यों ने उसे बचा लिया था। के चक्कर में युवाओं व पर्यटको की मौतों का आंकडा बढता ही जा रहा है। 1 जुलाई 2019 को उतराखंड के पिथैरागढ़ में परिवार के साथ पिकनिक पर गए एक 13 साल के बच्चे की सेल्फी के दौरान डैम में गिरने से मौत हो गई थी। बच्चे को बचाने के लिए उसकी मां ने डैम में कूद गई मगर ज वह डूबने लगी तो वहां मौजूद लोगों ने उस को बचा लिया पर उसका बेटा डूब गया। मध्यप्रदेश में भी झरने के पास सेल्फी ले रहे एक छात्र की डूबने से मौत हो गयी थी। गोताखोर जान जोखिम में लोगों को बचा रहे है।सेल्फी के शौकिन खुद तो मर रहे है बल्कि दूसरों को भी मार रहे है। ऐसे दर्दनाक हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं।इसे प्रशासन की लापरवाही की संज्ञा दी जाए तो कोई आतिश्योक्ति नहीं होगी। पिछले महिने चलती ट्रेन के साथ सेल्फी लेने के चक्कर में बंगलुरु के पास तीन युवओं की दर्दनाक मौत हो गई थी यह हादसा बंगलुरु से करीब तीस किलोमीटर दूर बिदादी के पास हुआ था जहां तीन लड़के सेल्फी लेने के चक्क्र में चलती ट्रेन की चपेट में आ गए थे।और बेमौत मारे गए थे ।इनकी उम्र अभी 16 से 18 साल के बीच थी।कुछ लोगों ने इन युवाओं को तस्वीरे खीचते देखा था।इनमें दो युवा कालेज के छात्र थे और एक ने पढाई छोड़ दी थी। कुछ समय पहले वर्धा में नदी में विर्सजन के समय गणेश की मूर्ति के साथ सेल्फी लेनें के चक्क्र में तीन छात्रों की डुबकर मौत हो गई थी ।अब इसे लापरवाही कहे या कुछ और यह अहम सवाल है कि अपनी ही लापरवाहियों के कारण डूबते जा रहे है।सेल्फी के चक्क्र में अपनी जान से हाथ धो बैठते है। देश में घटित हो रहे ऐसे हादसों के लिए प्रशासन व पुलिस भी जिम्मेवार है।हर साल ऐसे हादसों में लोग मारे जाते है। मगर प्रशासन की तन्द्रा हादसे के आद ही टूटती है।अगर प्रशासन सर्तक होता तो श्रध्दालू डूबकर नहीं मारे जाते।अब प्रसाशन सक्रिय हो गया है मगर अब बहुत देर हो चुकी है।अब प्रशासन लापता लोागों की तलाश में लाखों रुपया खर्च कर देगा अगर पहले ही सर्तकता बरती होती तो ऐसे हादसे नहीं होते। ऐसे हादसे व्यवस्था की पोल खोलते है।देश के हर राज्यों में सेल्फी से मौतों के हादसें हो रहे है।कोई भी राज्य इस सेल्फी की बीमारी से अछूता नहीं रहा है।आंकडों में बेतहाशा वृद्धि हो रही है।इन हादसों पर लगाम लगानी होगी। समाचार पत्रों में प्रकाशित आंकडों के मुताबिक 10 जुलाई 2017 को नागपुर में सेंल्फी लेते 8 लोगों की मौत हो गई थी।उसके बाद भी इन हादसों में कमी तो नहीं आई पर वुद्वि जरुर हुई है।27 जुलाई को मध्यप्रदेश में भी सेंल्फी लेते समय चार युवाओं की अकाल मौत हुई थी।इससे पहले 14 जुलाई को उतराखंड के एक दो प्रेमीयों की सेल्फी लेते समय मौत हो गई थी। 16 अप्रैल 2016 को सहारनपुर में रेलवे क्रासिंग पर सेल्फी लेते समय एक 16 साल के बच्चे की दर्दनाक मौत हो गई थी।9 जनवरी 2015 को जम्मू में सेल्फी लेने के चक्कर में एक युवक की मौत हो गई थी।2015 में इजराइल के एक पर्यटक की सेल्फी लेते समय मौत हों गई थी।2015 में ही जापान के एक पर्यटक की थी सेल्फी लेते समय मौत हो गई थी। 2015 में मथुरा में तीन युवाओं की रेलवे ट्रैक पर सेल्फी लेनें के चक्कर में मारे गए थे।2014 में ऐसी ही एक घटना हुई थी जिसमें एक 15 साल के बच्चे की मौत हुई थी। ।प्रशासन को इन हादसों से संज्ञान लेना होगा तथा इन हादसों पर लगाम लगाने के लिए ठोस कदम उठाने होगें क्योकि ऐसी बारदातें बहुत ही खौफनाक है।

## शिष्य बना प्रशंसा का पात्र

गंगा किनारे गुरु अभेंद्र का आश्रम था। एक बार देश में भीषण अकाल पड़ा। गुरु अभेंद्र ने संकटग्रस्तों की मदद के उद्देश्य से अपने तीन शिष्यों को बुलाकर कहा - ऐसे संकट के समय में हमें अकाल पीड़ितों की सेवा करनी चाहिए। तुम लोग अलग-अलग क्षेत्रों में जाकर भूखों को भोजन कराओ। उनकी बात सुनकर शिष्य बोले - गुरुजी, हम इतने सारे लोगों को भोजन कैसे कराएंगे? हमारे पास न तो अन्न भंडार है और न अनाज खरीदने के लिए धन। तब गुरु अभेंद्र ने उन्हें एक थाली देते हुए कहा - यह थाली दिव्य है। तुम जितना भोजन मांगोगे, यह उतना भोजन उपलब्ध कराएगी। तीनों शिष्य थाली लेकर निकल पड़े। दो शिष्य एक स्थान पर बैठ गए। उधर से जो भी गुजरता, उसे वे भोजन कराते। किंतु तीसरा शिष्य मोहन बैठा नहीं, बल्कि घूम-घूमकर भूखों को खोजता रहा और उन्हें खाना बांटता रहा। कुछ दिनों बाद जब तीनों आश्रम लौटे, तो गुरु ने मोहन की खूब प्रशंसा की। दोनों शिष्यों को यह अजीब लगा। उन्होंने पूछा - गुरुदेव, हमने भी तो अकाल पीड़ितों की सेवा की है। फिर मोहन की ही प्रशंसा क्यों गुरु ने उत्तार दिया - तुमने एक ही स्थान पर बैठकर पीड़ितों की सहायता की। ऐसा करने से वे लोग तुम्हारी मदद से वंचित रह गए, जो चलकर तुम्हारे पास आने में असमर्थ थे। जबकि मोहन ने लोगों के पास जा-जाकर उन्हें भोजन कराया। उसकी सहायता अधिकतम लोगों तक पहुंची, इसलिए उसकी सेवा अधिक प्रशंसा के योग्य है। कथा का सार यह है कि वही सेवा अधिक सराहनीय होती है, जो आगे बढ़कर की जाए।

## रूस-यूक्रेन युद्ध

**ओमप्रकाश मेहता**

**भारत की अग्निपरीक्षा का समाधान केवल पंचशील में ही है....!**

रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे इस महायुद्ध के दौरान हमारा भारत भी एक अग्निपरीक्षा के दौर से गुजरने को मजबूर है, यह अगिनपरीक्षा ऐसे नाजुक मौके पर भारत की भूमिका को लेकर है, एक और हम जहां हमारे रूस के साथ मधुर सम्बंधों के कारण संयुक्त राष्ट्र संघ में हुए मतदान से अपने आपको अलग रख रहे है, वहीं दूसरी ओर संकट के इस दौर में यूक्रेन के राष्ट्रपति द्वारा हमसे मांगी जा रही मद्द भी पूरी नहीं कर पा रहे है, हमारी दुविधा यही है कि पिछले छ्- दशक से हमारी विदेश नीति ही तटस्थता की है तो अब हम मौजूदा दौर में किसी एक देश की मद्द कैसे करें? इस दौर में सबको साथ रहना तथा सबका सहयोगी बने रहना ही हमारी वास्तविक अग्निपरीक्षा है, जिसे हम महसूस कर रहे है।

हमारे देश की आजादी के बाद हमारे प्रथम प्रधानंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने काफी सोच-समझ कर दूरदर्शी पंचशील योजना तैयार की थी और उसे लागू किया था। इस पंचशील योजना के मुख्य आधार गुट निरपेक्षता (तटस्थता) और धर्म निरपेक्षता थे। भारतीय जनता पार्टी के प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के शासनकाल में भी पंचशील सिद्धांत जारी रहे और उनका पालन भी किया गया। किंतु डॉ. मनमोहन सिंह की दस वर्षिय कांग्रेसी सरकार के बाद जब 2014 में नरेन्द्र भाई मोदी की सरकार पदारूढ़ हुई तब छ्- दशकों से देश को मार्गदर्शन देने वाले पंचशील सिद्धांतों को अमान्य कर उन्हें कचरे की टोकरी में डाल दिया गया और अपनी नीतियाँ तय कर ली गई, किंतु मोदी जी को क्या पता था कि उन्हें अगले कुछ ही वर्षों में उसी पंचशील सिद्धांत पत्र का सहारा लेकर अपनी साख बनाये रखने को मजबूर होना पड़ेगा? और वह समय अब आ गया जब यूक्रेन को लेकर विश्व की दो महान शक्तियाँ रूस और अमेरिका आमने-सामने है और दोनो की महाशक्तियाँ भारत से हर तरह के समर्थन व सहायता की अपेक्षा रख रही है। अब भारत सरकार की दुविधा यह है कि न तो वह



छ्- दशक पुराने भारत-रूस के सम्बंधों को कोई क्षति पहुंचा सकती है और न मोदी जी अपने परमप्रिय मित्र और अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाईडेन को नाराज कर सकते है, इस दुविधा से उभरने का एकमात्र मार्ग पंचशील सिद्धांत के 'गुट-निरपेक्ष' सिद्धांत में ही निहित है, जिसका सहारा अब लेने को मोदी जी मजबूर है। आज स्थिति यह है कि एक ओर जहां रूस अपने पुराने सम्बंधों का हवाला देकर हमसे हर तरह के सहयोग व समर्थन की अपेक्षा कर रहा है, वहीं यूक्रेन के राष्ट्रपति अपने देश में एक लाख हमलावर घुस आने का हवाला देकर मोदी जी से हथियार व सैनिकों की मांग कर रहे है। अब चूंकि घोषित रूप से अमेरिका-यूक्रेन का संरक्षक देश है तो यूक्रेन के राष्ट्रपति की सहायता की गुहार भी अपना विशेष महत्व रखती है। रूस के खिलाफ संयुक्त राष्ट्रसंघ में लाये गए निंदा प्रस्ताव पर हमने अपना मत जाहिर नहीं कर रूस के प्रति अपना समर्थन जाहिर तो कर दिया किंतु अब यूक्रेन के राष्ट्रपति को सहायता का प्रश्न का उत्तर भारत खोज नहीं पा रहा है सिर्फ शांति के प्रयासों का उपदेश देकर ही सीमित रहना चाहता है, जो यूक्रेन के लिए काफी नहीं है। यद्यपि इस अग्निपरीक्षा के दौर में भारत संयम से काम लेने का प्रयास कर रहा है और हर स्थिति पर अपनी पैनी नजर रखे हुए है, किंतु उसे इस बात का भय भी है कि यदि स्थिति अधिक विस्फोटक हो गई और पूरा विश्व यदि विश्वयुद्ध की कगार पर खड़ा हो गया तब भारत की भूमिका क्या होगी? इसीलिए भारत अभी से हर तरीके से फूंक-फूंक कर कदम रख रहा है। अब इसी घटनाक्रम में एक ओर जहां हमारे देश में यूक्रेन की तर्ज पर हमारी बरसों पुरानी पाक अधिकृत कश्मीर की समस्या हल करने और पाकिस्तान को सबक सिखाने की मांग उठाई जा रही है, वहीं यह भी तय है कि भारत को मौजूदा दौर में भारी आर्थिक हानि उठाने को भी मजबूर होना पड़ सकता है, जिसकी कि चर्चा हमारे देश की प्रमुख बैंक स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया ने की है, इस बैंक का कहना है कि युद्ध यदि ज्यादा खींचा गया तो भारत को एक लाख करोड़ की क्षति वहन करना पड़ सकती है।

# वैवाहिक वर्षगाँठ का संवाद

**सूडोकु नवताल- 5997**

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | 7 |
| | | | | | 7 | 9 | | |
| 8 | | | | | | | | |
| 4 | | 5 | 8 | | | | | |
| 3 | | | | 1 | | | | 2 |
| | | | | | 9 | 7 | | 6 |
| | | | | | | | | 4 |
| | | 3 | 5 | | | | | |
| 2 | | | 6 | | | | 8 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -5996 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 9 |
| 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 1 | 4 | 8 | 7 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 9 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 2 | 4 | 6 | 3 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 | 4 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 9 | 6 | 4 | 1 | 8 |
| 1 | 4 | 6 | 8 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 |
| 8 | 9 | 3 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 5 |

**डॉ. रीना रवि**

आज वही दिन है जिसमें राधा और केशव परिणय बंधन में बंधे थे। जिंदगी कितने सारे परिवर्तनों की यात्रा से गुजरती रहती है। हर वैवाहिक वर्षगाँठ को मनाने का तरीका अलग-अलग था, पर आज केशव राधा से आने वाले जीवन को लेकर संवाद करना चाहता था। केशव राधा से बोला की आगे हम दोनों को एक लंबा सफर तय करना है। भूतकाल में हम दोनों ही अलग-अलग परिवेश और परिस्थितियों से गुजरे है। आने वाले समय में इस विवाह बंधन का उद्देश्य एक दूसरे के गुणों को जानकार उसके अनुरूप आगे बढ़ने को प्रेरित करना है और कमियों को जानते हुए डगमगाते हुए कदमों को सहयोग देना है। आगे की यात्रा में बहुत सारे परिवर्तन शामिल है। अब हमारा पुत्र कान्हा भी हमारी जिंदगी का महत्वपूर्ण हिस्सा है। अब हमें ज़िम्मेदारी की धुरी पर नाच नाचना होगा। हो सकता है उसमे मेरा तुम्हारे प्रति समय कुछ न्यून हो जाए तो तुम्हें इस सत्य को भी समय के साथ स्वीकार करना होगा, क्योंकि अब कान्हा के आने के बाद माता-पिता का जन्म हो चुका है और उन्हें भी बहुत संघर्ष और धैर्य वाली तपस्या करनी है। अब आगे की यात्रा में हम दोनों को एक दूसरे को समझने का ही प्रयास करना होगा, परखने का नहीं क्योंकि अब समय की कसौटी हमको अपनी जिम्मेदारियों की ओर ढकेल रही है।

जैसे-जैसे समय का रथ आगे बढ़ेगा शारीरिक अस्वस्थता भी हम पर हावी होने लगेगी। यह सफर जो प्रेम और आकर्षण से प्रारम्भ हुआ था जिसमें साज-श्रृंगार,



हर्ष-उल्लास और भरपूर समय था अब वह अपनी आभा थोड़ी-थोड़ी कम करने लगेगा। अब वह प्रेम एक दूसरे की आँखों में बसे करुणा के भाव को समझने की ओर अग्रसर होगा। जैसे-जैसे ज़िम्मेदारी की बागडोर बढ़ती जाएगी शायद संवाद में कुछ कमी आने लगे। एक दूसरे के मन के अनुरूप क्रियाकलाप न हो, पर जीवन के रथ से मुस्कान का ईंधन कभी खत्म मत होने देना। भावी जीवन में हो सकता है रूठना और मनाना गौण हो जाए और उसकी जगह ज़िम्मेदारी और थकान ले ले, तब भी तुम्हें मुझे समझना होगा। बदलते समय में तुमको शरीर से ज्यादा मन की सुंदरता पर ध्यान देना है। तुम्हें कभी भी दूसरों की टीका-टिप्पणी से स्वयं को किसी भी सुंदरता के तराजू में नहीं तौलना है। अगर हम दोनों के जीवन में प्रेम महत्वपूर्ण है तो उसका कोई भी आंकलन नहीं है। प्रेम में तो सब कुछ देने वाली अभिव्यक्ति की प्रधानता होती है। मैं तभी धनवान रहूँगा जब तुम्हारे चेहरे पर स्वर्ण सी आभा, चाँदी सी मीठी मुस्कान और हीरे जैसी दृढ़ता समाहित होगी। उम्र बढ़ने पर अपने शौक मत खोना। थोड़ा-थोड़ा समय जरूर निकालना स्वयं से प्रेम का। भावी जीवन का एक सत्य हमेशा याद रखना की लोग तुम्हारे साथ तभी खड़े होगे जब तुम उनके अनुरूप होगी। तुम्हारी तारीफ तभी करेंगे जब उनके अनुरूप तुम्हारा व्यवहार होगा। तुम लोगों से नहीं हो लोग तुमसे है। बदलते परिवेश में तुम्हें अपने स्वास्थ्य की ओर जागरूक होना होगा। जमाने के पैमाने पर खुद को कभी मत तौलना, अपनी हँसी को कभी उपेक्षित मत होने देना, बढ़ते समय चक्र में आसान नहीं होगा खुद को सजाना-सँवारना, हजारो कामों से फुर्सत पा लेना, रिश्तों की बागवानी में प्रेम की अभिव्यक्ति के पल, पर कभी भी असंवाद की स्थिति मत आने देना। सच्चा प्रेम चेहरे से नहीं बल्कि प्यार करने वाले दिल से होता है। बढ़ती उम्र की यही महत्वपूर्ण एक सच्चाई है। हमारे रिश्ते की डोर भी समय के साथ घिसेगी, पर कई अनुभव और खट्टी-मीठी यादों के साथ ओर भी उजली और चमचमाएगी। यह संवाद केशव ने राधा से उसे भविष्य की परिस्थितियों से जूझने, सच्चाई को स्वीकार करने और उसे मुस्कान के साथ भावी जीवन की यात्रा को तय करने के लिए किया। इस लघुकथा से यह शिक्षा मिलती है की वैवाहिक बंधन में समय के साथ कई सारे परिवर्तन आते रहते है। हमें जीवन की सच्चाई को गहराई से अनुभव करना होता है। हर स्थिति उतनी सहज और सरल नहीं होती जितनी वह हमेशा दिखाई देती है। इसलिए हमें अपनी मानसिक दृढ़ता को समय-समय पर बलवान करना जरूरी है।

## पतन के कगार पर यूक्रेन

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

यूक्रेन की राजधानी कीव के गिरने में अब ज्यादा देर नहीं लगेगी। बस, एक-दो दिन की बात है। कीव पर कब्जा होते ही यूक्रेन के राष्ट्रपति झेलेंस्की भी अर्न्तध्यान हो जाएंगे। नाटो और अमेरिका अपना जबानी जमा-खर्च करते रह जाएंगे। नाटो के महासचिव ने तो साफ-साफ कह दिया है कि वे रूस के साथ युद्ध नहीं लड़ना चाहते हैं। फ्रांस और जर्मनी की भी बोलती बंद है। झेलेंस्की ने नाटो की नपुंसकता पर पहली बार मुंह खोला है। यह उनकी अपरिपक्वता ही है कि उन्होंने नाटो पर अंधविश्वास किया और उसके उकसावे में आकर रूसी हमला अपने पर करवा लिया। अमेरिका ने रूस पर चार-पांच नए प्रतिबंध भी घोषित कर दिए हैं। अमेरिका और यूरोपीय देशों में चल रहे रूसी सेठों के करोड़ों डॉलरों के खातों को जब्त कर लिया गया है। जो बाइडन से कोई पूछे कि क्या इसके डर के मारे पूतिन अपना हमला रोक देंगे? क्या रूसी फौजें कीव के दरवाजे से वापस लौट जाएंगी? यूरोपीय संघ की सदस्यता के लिए भेजी गई झेलेंस्की की औपचारिक अर्जी को आए हुए तीन-चार दिन हो गए। अभी तक उस पर यूरोपीय संघ खर्राटे क्यों खींचे हुआ है? यूरोपीय राष्ट्रों ने यूक्रेन के परमाणु संयंत्र पर रूसी हमले की खबर को बढ़ा-चढ़ाकर इतना फैलाया कि सारी दुनिया में सनसनी फैल गई लेकिन अभी तक कोई परमाणु प्रदूषण नहीं फैला। 1986 में चेर्नोबिल की तरह मौत की कोई लहर नहीं उठी। मास्को ने स्पष्ट किया कि नाटो ने यह झूठी खबर इसलिए फैला दी थी कि रूस को फिजूल बदनाम किया जाए। रूस ने झापोरीझजिया के परमाणु संयंत्र पर कब्जा जरुर कर लिया है। यह असंभव नहीं कि वह यूक्रेन में बिजली की सप्लाय पर रोक लगाकर सारे देश में अंधेरा फैला दे। अफवाहें ये भी हैं कि झेलेंस्की अमेरिका राजदूतावास में जाकर छिप गए हैं। अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार परिषद में फिर से रूस की भर्त्सना का प्रस्ताव पारित हो गया है। भारत ने फिर परिवर्जन (एब्सटेन) किया है लेकिन सिर्फ तटस्थ रहना काफी नहीं है। तटस्थ तो तुर्की भी है लेकिन वह मध्यस्थता की कोशिश भी कर रहा है। मध्यस्थता तो बहुत अच्छा बहाना भी है, अपनी तटस्थता को सही सिद्ध करने के लिए। यदि हम सिर्फ तटस्थ रहते हैं और साथ में निष्क्रिय भी रहते हैं तो यह तो घोर स्वार्थी और डरपोक राष्ट्र होने का प्रमाण-पत्र भी अपने आप बन जाएगा। भारत की कूटनीति में भव्यता और गरिमा का समावेश होना बहुत जरुरी है।

# प्रथम खाटू श्याम कीर्तन महोत्सव 23 को, भव्यता के साथ निकलेगी निशान यात्रा





**मुरैना।** प्रथम खाटू श्याम कीर्तन महोत्सव का आयोजन आगामी 23 मार्च को श्री खाटू श्याम भक्त मंडल मुरैना द्वारा किया जा रहा है, इससे पूर्व सुबह बिहारी मंदिर से निशान शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से निकाली जाएगी। उक्त जानकारी मंडल सदस्य विवेक सिंह यादव, रितिक गोयल ने दी है। श्री खाटू श्याम भक्त मंडल ने बताया कि 23 मार्च को प्रातः 9 बजे बाबा श्याम की निशान यात्रा बिहारी जी के मंदिर से आरंभ होकर रूई की मंडी, शंकर बाजार, मारकंडेश्वर मंदिर, हनुमान चौराहा से होती हुई पुल चौराहा, कलेक्टर बंगला, एमएस रोड होती हुई वासुदेव गार्डन के लिए प्रस्थान करेगी, जिसमें ग्वालियर के किशन बाबा, श्याम भैया ग्वालियर, देवेंद्र पुजारी महंत उपस्थित रहेंगे। शाम को 6 बजे से बासुदेव गार्डन में आयोजित कीर्तन महोत्सव में अपनी गायकी का जौहर दिखाने के लिए अंजलि द्विवेदी बरेली, कोमल तिवारी कानपुर, अतुल पारीक ग्वालियर मौजूद रहेंगे। भक्त मंडल के विवेक सिंह, रितिक गोयल, राजीव वर्मा, अरविंद सिंह यादव, भरत, मोहन, हेमंत, करतार सिंह यादव, रामकेश यादव, राजवीर सिंह यादव, किशोर वर्मा आदि ने सभी श्याम भक्तों से निशान यात्रा एवं कीर्तन महोत्सव का लाभ लेने की अपील की है।

### खाटू श्याम साइकिल यात्रियों का किया स्वागत

खाटू श्याम प्रेमी पवन और अशोक जो कि उड़ीसा से श्री खाटू श्याम जी तक साइकिल से 16 फरवरी को 1600 किलोमीटर की यात्राा पर निकले है, उनका मुरैना में गंगा पब्लिक स्कूल के सामने जय माता दी मसाला पिसाई केंद्र पर भव्य स्वागत किया गया। दौनो ही यात्रियों ने स्वल्पाहार करने के उपरांत खाटू श्याम जी के लिए अपनी यात्रा पुनः आरंभ कर दी है। स्वागत करने वालों में तरुण बंसल, मनीष मित्तल, दीपक शर्मा और मयूर मित्तल आदि उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर किसान मोर्चा ने किए सेवा कार्य

**अम्बाह।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 63 वर्ष के हो गए है। इस मौके पर उनके जन्मदिवस पर भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा नगर मंडल अंबाह के द्वारा सिविल हॉस्पिटल अंबाह में सभी मरीजों को फल वितरण किया गया एवं वृक्षारोपण कर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर जिला महामंत्री जितेंद्र सिंह तोमर पप्पू ने कहा कि पिछले कई वर्षों से निरंतर शिवराज सिंह चौहान के मार्गदर्शन में अनेक विकास कार्य प्रदेश में हुए हैं। इसी के चलते कई कीर्तिमान भी प्रदेश को हासिल हुए हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के जन्मदिन पर हम सभी कार्यकर्ता उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। इससे पूर्व किसान मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने सिविल अस्पताल में साफ सफाई कर स्वच्छता अभियान चलाया। वहीं पर वृक्षारोपण कर प्रदेश में खुशहाली और शांति की कामना की आयोजन में महामंत्री जितेंद्र सिंह पप्पू तोमर, डॉ डीएस यादव, नगर मंडल अध्यक्ष राम सिंह राठौर, महामंत्री राजकुमार राठौर फौजी, रामवीर शर्मा, भीम तोमर, उपाध्यक्ष रामबाबू राठौर, उपाध्यक्ष रामअवतार उपाध्याय, नगर मंडल मंत्री बल्ली तोमर, नगर मंडल मंत्री मुन्ना तोमर, नगर मंडल मंत्री राजेंद्र शर्मा, कोषाध्यक्ष रामनरेश (कल्लू शर्मा), कार्यालय मंत्री मुकेश प्रजापति, मीडिया प्रभारी दिलीप शुक्ला, सोशल मीडिया प्रभारी बिसंमबर राठौर, रज्जो परिहार, जीतू तोमर एवं भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित हुए किसान मोर्चा के सभी कार्यकर्ताओं ने कुपोषण वार्ड, महिला वार्ड एवं जनरल वार्ड में जाकर मरीजों का हालचाल पूछा और उन्हें खाद्य सामग्री की भेंट की।



## बीएमओ ने सी एच ओ को पीटा, संगठन ने सीएमएचओ को दिया ज्ञापन



**मुरैना।** नूराबाद स्वास्थ्य केंद्र के सी एच ओ के साथ बीएमओ द्वारा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए मारपीट किए जाने का सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी संगठन ने विरोध किया है और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी राकेश शर्मा को आवेदन देकर बीएमओ पर कार्यवाही की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि सीएचओ डॉ सुरेंद्र राजपूत ब्लॉक नूराबाद जब अपना पीवीआई का फॉर्म जमा करने बीएमओ के पास गए तो उनके द्वारा रिश्वत की मांग की गई तथा विरोध करने पर उनके साथ अभद्रता कर मारपीट कर दी गई।

# प्रशासनिक हस्तक्षेप के बाद रुका बाल विवाह




**मुरैना।** पुलिस विभाग मुरैना को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा फोन से सूचना प्राप्त हुई कि गल्ला मंडी के पास गोपी गार्डन में धौलपुर राजस्थान मानिया के एक गांव की 17 वर्षीय नाबालिक बालिका का बाल विवाह मुरैना नुराबाद के पास ही के एक गांव के रहने वाले 25 वर्षीय युवक से किया जा रहा है। बाल विवाह की सूचना प्राप्त होते ही पुलिस द्वारा तुरंत महिला एवं बाल विकास विभाग से शहरी परियोजना अधिकारी मनीष सिंह को इसकी सूचना प्रदान की, जिस पर मनीष सिंह द्वारा चाइल्ड लाइन से नितिन शिवहरे, जय कुमार चांदिल, पुलिस थाने से एएसआई व पुलिस बल ने संयुक्त रूप से गोपी गार्डन पर पहुंचकर बालिका के परिजनों से बालिका के आयु संबंधित दस्तावेज परिजनों से मांगे गए जो कि उनके द्वारा कई घंटों बाद तक उपलब्ध न कराने की स्थिति में शहरी परियोजना अधिकारी मनीष सिंह, चाइल्ड लाइन टीम से नितिन शिवहरे द्वारा जिला जिला बाल कल्याण समिति अध्यक्ष आलोक राजावत से फोन पर चर्चा कर उन्हे मौके पर बुलाया। जिसके बाद संयुक्त टीम द्वारा अध्यक्ष बाल कल्याण समिति आलोक राजावत के आदेश अनुसार बालिका के आयु संबंधित दस्तावेज ना होने की स्थिति में मौके पर लिखित पंचनामा बनाकर बालिका को रेस्क्यू कर अस्थाई आश्रय हेतु बालिका को वन स्टॉप सेंटर छोड़ा गया। उक्त मामले में परिजनों द्वारा सुबह तक बालिका के आयु संबंधित दस्तावेज व लिखित पंचनामा बनवा कर देने के लिए कहा गया कि जब तक उनकी बालिका की उम्र 18 वर्ष पूर्ण नहीं कर लेती तब तक वह बालिका का विवाह नहीं करेंगे, अगर वह इस बात का उल्लंघन करते हैं तो उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर मध्यप्रदेश पिछडा वर्ग के चेयरमैन ने 101 पौधे रौपे



**मुरैना।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के 63 वें जन्मदिन पर शनिवार को भाजपाइयों ने जिले भर में पौध रौपण कर श्री चौहान की लम्बी उम्र की कामना की। जिला मुख्यालय पर मध्यप्रदेश पिछडा वर्ग तथा वित्त विकास निगम के चेयरमैन के साथ पौधरौपण किया। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय डण्डौतिया ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के जन्मदिन पर मप्र पिछडा वर्ग तथा वित्त विकास निगम के अध्यक्ष रघुराज सिंह कंषाना ने भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ योगेशपाल गुप्ता, दक्षिण मंडल अध्यक्ष सोनू शर्मा, भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सोनू परमार, पश्चिम मंडल अध्यक्ष नितिन गुप्ता की उपस्थिति में निज कार्यालय पीडब्लूडी रेस्ट हाउस परिसर में 101 छाया एवं फलदार पोधे लगा कर प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की लंबी आयु की कामना की। इस अवसर भाजपा नेता दिनेश शर्मा, नीरज भदौरिया, विपिन दंडोतिया, मंगल सरपंच, रामकुमार शर्मा, भूरा गुर्जर, सुरेश दंडोतिया, संकल्प कुशवाह, रामवीर निगम, योगेंद्र राणा, होलु गुर्जर सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे।



## ग्रेडिंग और क्वालिटी के नाम पर किसानो से 256 करोड़ रुपए लूटने की साजिशः माकपा



**भोपाल।** सरकारी खरीद केन्द्रों पर अगले महीने से गेहूं की खरीदी शुरू हो रही है और प्रदेश सरकार ने इस बार खरीदी में किसानों के 256 करोड़ रुपए एक निजी कंपनी की तिजोरी में डालने की व्यवस्था कर दी है। यह गेहूं की ग्रेडिंग और गुणवत्ता के बहाने किसानों को लूटने की साजिश का हिस्सा है। उक्त वक्तव्य मार्क्सवादी कम्युनिष्ट पार्टी के राज्य सचिव जसविन्दर सिंह ने जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दिए।

माकपा राज्य सचिव जसविंदर सिंह ने कहा कि मंडी व्यवस्था और उसके बाद गोदामों में होने वाले सारे भ्रष्टाचार का दोष भी किसानों के मत्थे मड़ कर किसानों की इस लूट के लिए सरकार ने खरीदी केंद्रों पर ग्रेडिंग और गुणवत्ता मापने के लिए निजी कंपनियों से टेंडर आमंत्रित किए हैं। इसके तहत एक क्विंटल गेहूं की ग्रेंडिंग के लिए किसानो को 20 रुपए देना होगा। अनुमान है कि इस वर्ष किसानो से 128 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीदा जाएगा। इस तरह 256 करोड़ किसानो से लूट कर संबंधित कंपनी की तिजोरी को भरा जाएगा। माकपा नेता ने कहा है कि इससे सिर्फ किसानो की लूट ही नहीं बढ़ेगी बल्कि सरकार कीओर से एक और बिचोलिया तैयार कर दिया है, जो उक्त फीस के अलावा भी किसानों से वसूली करेगा। ग्रेंडिंग और क्वालिटी निर्धाीरित करते समय वह कंपनी किसानो से सौदेबाजी करेगी। अच्छी क्वालिटी और जल्दी तुलाई का झांसा देकर किसानो से और भी वसूली की जाएगी। जसविंदर सिंह ने कहा है कि यह मंडियों के निजीकरण करने की साजिश का भी हिस्सा है, जिसके खिलाफ किसानों ने सवा साल तक ऐतिहासिक संघर्ष कर मोदी सरकार को पीछे हटने के लिए बाध्य किया है। उन्होंने कहा कि मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने किसानों की लूट को बढ़ावा देने वाली इस व्यवस्था को लागू नहीं करने की मांग की है।

# वर्मा दंपत्ति को कार चालक ने किया लूटने का प्रयास, पकड़े जाने पर चोरी किए बैग लौटाए



**मुरैना।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के बेरियल चौराहा जोरा रोड पर आगरा से लौटे वर्मा परिवार को एक कार चालक ने जबरन बिठा लिया और उनका अटैची व वैग चोरी कर लिया, जब कार में बैठे लड़के ने पिता को पट्टी करने के लिए डिग्गी खुलवाई तो उसके बैग चोरी हो गए। पिता पुत्र ने कार चालक का विरोध किया और कार भगाने के दौरान उसे पकड़ लिया। यह देख अन्य लोग भी सहायता के लिए पहुंच गए तथा पुलिस भी मौके पर आ गई। कार चालक ने पिटने के बाद दोनों बैग वापस करवा दिए, इस मामले में सिविल लाइन थाना प्रभारी ने अनभिज्ञता जाहिर की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुराना थाना जौरा निवासी अशोक वर्मा अपने पुत्र नितेश वर्मा एवं पत्नी के साथ आगरा से ट्रेन में बैठकर शनिवार की सुबह मुरैना आए और ई-रिक्शा से बैरियर चौराहा पर पहुंचे व जौरा जाने के लिए बस में बैठना चाह रहे थे, लेकिन तभी एक इंडिका कार का चालक उनके पास आया और 30-30 रुपए में जौरा छोड़ने को कहा तथा जबरन उन्हें कार में बिठा लिया। नितेश वर्मा के मुताबिक कार चालक द्वारा खाने पीने का सामान तो आगे रखवा लिया, जबकि एक अटैची एवं लाल बैग को डिग्गी में रखवा दिया। वृद्ध अशोक वर्मा के हाथ में चोट लग गई तो नितेश ने गाड़ी रुकवाकर मलमपट्टी निकलवाने के लिए डिग्गी को खुलवाया तो उसकी नजर गायब अटैची और लाल बैग पर पड़ी। नितेश चिल्लाने लगा कि बैग चोरी हो गए, तो गाड़ी चालक गाड़ी भगाने लगा, लेकिन पिता पुत्र ने उसे थोड़ा आगे जाकर दबोच लिया और इस बीच राहगीर भी आ गए। घटना की सूचना मिलने पर कुछ पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और कार चालक से सख्ती के साथ पूछा तो उसने अटैची एवं बैग चौराहे के पास एक खिलौने वाले के यहां रखे बताएं। बैग में 5 रुपए नगदी थे तथा दूसरे अटैची में कपड़े भरे हुए थे। नितेश के मुताबिक कार चालक का पूरा प्लान लूट करने का था, लेकिन समय रहते पता चल गया और घटना घटित होने से बच गई।

# दिनारा कस्बे में पटरी से उतरी सफाई, व्यवस्था, लग रहे कचरे के ढेर सिर्फ सफाई अभियान कागजों तक ही सीमित है

**पुष्पांजली टुडे**

**शिवपुरी।** कस्बे मे जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हुए हैं। बदबू और मच्छरों की वजह से लोगों का जीना मुहाल हो रहा है। कचरे की सफाई के लिए शहरवासी कई बार अफसरों से शिकायत कर चुके हैं। लेकिन सुनवाई न होने की वजह से उनकी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। कस्बे में मुख्य बाजार एवं पुल के नीचे. पुरानी कलारी के पास सहित जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हुए हैं, जिसके कारण लोगों का जीना मुश्किल हो रहा है तथा गंदगी के कारण बीमारियां फैलने का डर लोगों को सताने लगा है। इटावा पंचायत वार्डों में विभक्त है, लेकिन पंचायत का एक भी वार्ड ऐसा नहीं है, जहां पर गंदगी के ढेर नहीं लगे हों। स्वच्छता अभियान का पालन नहीं हो रहा है। यह अभियान सिर्फ कागजों में चल रहा है। स्थिति यह है कि दिनारा सड़क किनारे ही गंदगी और कचरे के ढेर लगे हुए हैं।ग्राम पंचायत में स्वच्छता के प्रति कदम उठाने की बजाए अभियान की जमकर धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। गांव की स्वच्छता की हालत को देखते हुए ग्रामवासियों ने इस अभियान को पूरी तरह से ढकोसला बताया है। शहर के अलग-अलग वार्डों में लोगों ने रोड किनारे लगे कचरे के ढेर व गंदगी की सफाई नहीं होने की बात कही। लोगों का कहना है कि नगर में जब शिकायत करते हैं। इसके बाद ही कर्मचारी कचरा उठाकर ले जाते हैं। कचरा गाड़ी भी नियमित नहीं आ रही है। लोग मजबूरी में रोड किनारे ही कचरा डाल देते हैं। ऐसे में कचरे से बदबू आती है।

### नगर में जगह-जगह जमा कचरे के ढेर और खुली नालियों ने बढ़ाई मुश्किलें

दिनारा इन दिनों गंदगी और कचरे का दंश झेल रही है। स्थिति यह है कि कस्बे में इस



समय चारों और गंदगी के ढेर लगे हुए हैं वहीं नालियां चौक होने से गंदा पानी सड़कों पर जमा हो रहा है। यह हालात दिनारा के मुख्य बाजार से लेकर पंचायत भवन तक यहां चारों ओर गलियों में नालियों का पानी बह रहा है। हाइवे किनारे बने नालियों की साफ-सफाई न होने से चौक हुई नालियां लोगों की परेशानी का सबब बनी हुई हैं। यहां आए दिन कहीं जानवर इन नालियों में गिरकर हादसों का शिकार हो रहे हैं। कई राहगीर इन नालियों में गिरकर दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं, लेकिन प्रशासन ने इस संबंध में अभी तक कोई पहल नहीं की है, जिससे हालात जस के तस बने हुए हैं। दिनारा कस्बे के बीचों-बीच होकर नेशनल हाइवे-27 गुजर रहा है, लेकिन हाइवे किनारे बनाई गई नालियां साफ-सफाई न होने की वजह से चौक हो गई हैं जिस वजह से हाइवे के किनारे नालियों से सड़क पर गंदा पानी और कचरा बह रहा है। इन नालियों को खुला छोड़ जाने से आए दिन हादसे हो रहे हैं, लेकिन इसकी सुध न तो स्थानीय प्रशासन ने ली है और न ही जिला प्रशासन और एनएचएआई इसकी सुध लेने की जहमत उठा रहे हैं। स्थानीय नागरिकों के बार-बार मांग करने के बाद भी अभी तक प्रशासन नहीं चेता है।दिनारा के बाजार वाले इलाके में जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हुए हैं। इसका कारण है बाजार में खुलेआम उपयोग की जा रही प्रतिबंधित पॉलीथिन। क्योंकि यह जो गंदगी के ढेर लगे हुए हैं। नालियां जाम हो रही हैं, वह पॉलीथिन की वजह से हो रही है।यहां के प्रशासन द्वारा साफ-सफाई पर बिलकुल ध्यान नहीं दिया जा रहा है। हर तरफ गंदगी ही गंदगी फैली हुई है। प्रशासन नींद में सोया हुआ है। राजेंद्र सिंह तोमर सचीब ग्राम पंचायत दिनारा का यह कहना है। की कचरे को आठ दिन में उठाया जाता है। सफाई नहीं है। तो कल ही सफाई करवाई जाएगी।

## ज्ञान मंदिर स्कूल शिक्षा के साथ संस्कार भी देता है:- ड़ॉ वंदना भूपेन्द्र प्रेमी



**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर** कम्पू स्थित ज्ञान मंदिर हायर सेकंडरी स्कूल के संचालक अमन चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि आज विद्यालय में सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया था जिसमे विद्यायल में पढ़ने वाले छात्र व छात्राओ को भी आमंत्रित किया गया था। इस अवसर पर मुख्यातिथि बेटी है तो कल है सामाजिक संस्था की अध्यक्ष ड़ॉ वन्दना भूपेन्द्र प्रेमी उपस्थित रही। कार्यक्रम में सुंदरकांड पाठ के पश्चात बच्चों ने एक फेरेवल कार्यक्रम भी रखा जिसमे एक दूसरे का परिचय व अपने अनुभव भी बताए इस अवसर पर ड़ॉ वन्दना भूपेन्द्र प्रेमी ने कहा कि ज्ञान मंदिर स्कूल शिक्षा के साथ संस्कार भी देता है जो कि बहुत ही सराहनीय कार्य है हमारे बच्चों को आज के युग मे अपने आदर्शों व अपने संस्कारो को भी जानना चाहिए। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार की सभी टीचर्स सहित छात्र एव छात्राएं उपस्थित रही।

## युवा महामंत्री रामकेश सैनी का बोली तहसील में स्वागत



**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**राजस्थान** । रामकेश सैनी एक दिवसीय बोली दौरे पर रहे इस अवसर पर जिला प्रवक्ता प्रल्हाद जी सैनी निज आवास पर रामकेश सैनी का साफा पहनाकर स्वागत किया इस अवसर पर रामराज सैनी मोहन लाल सैनी जेपी सैनी कमल किशोर सैनी भागचंद सैनी पीटीआई आदि सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जेल में हुई कैदी से मारपीट विरोध में परिजनों ने दिया एसपी को आवेदन

**अनिल कुशवाह ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**शिवपुरी-** खबर शिवपुरी एस पी ऑफिस से है जहाँ कुछ दिन पहले हुए सर्जिकल जेल मैं कैदी के साथ मारपीट के विरोध में परिजनों ने एसपी ऑफिस में ज्ञापन दिया जेल में बंद कैदियों के छोटे भाई सुरेंद्र धाकड़ ने बताया। कि उनके भाई अरुण और प्रदीप सरजीकल जेल बड़ोदी जिला शिवपुरी में पिछले 2 सालों से बंद हैं लेकिन जेल प्रहरी सूरज सिंह पाल द्वारा भाइयों की बुरी तरह मारपीट की गई और रुपयों की मांग की गई रुपए ना दिए जाने पर दोनों की मारपीट की गई और अवैध तरीके से रुपयों की मांग की गई एसपी ऑफिस में ज्ञापन देने आए सुरेंद्र धाकड़ ने बताया की किसी तरह षडयंत्र पूर्वक जेल में बंद भाइयों की मारपीट कर दी और उन पर शिवपुरी कोतवाली में धारा 353 एवं अन्य धाराओं के तहत प्रकरण कायम करवा दिया और उनको शिवपुरी से उज्जैन भिजवा दिया गया एसपी ऑफिस आए सुरेंद्र धाकड़ ने बताया कि हमने जेल के जेलर से जेल में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज चेक करने के लिए कहा तो उन्होंने फुटेज बताने से मना कर दिया हम चाहते हैं की फुटेज को देखकर वास्तविक स्थिति स्पष्ट की जावे सभी को ज्ञात है कि पिछले दो माह में दो कैदियों की जेल में मौत हो चुकी है जिसमें उनके परिवार वालों ने जेल पहरियो पर मारपीट के आरोप लगाए थे और लगातार ऐसी खबरें आती रहती हैं कि जेल प्रहरी जेल में बंद कैदियों को बिना वजह मारा जाता है एसपी ऑफिस ज्ञापन देने आए सुरेंद्र धाकड़ ने बताया कि उनके परिवार के सदस्यों पर झूठा मुकदमा दर्ज कराने की धमकी पुलिस की तरफ से मिल रही है हमारा आवेदन देने का मकसद सिर्फ वास्तविकता की जांच कराना है और जबकि हमारे भाई पढ़े लिखे हैं और जेल में रहकर भी लोगों को पढ़ाने का कार्य करते हैं इसलिए उन पर ऐसे झूठे आरोपों को ना लगाया जाए और निष्पक्ष जांच की जाए।




## माली समाज सवाई माधोपुर जिला अध्यक्ष सीएल गहलोत ने जिले के विधायकों को लिखा पत्र



**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**राजस्थान** । सीएल गहलोत ने बामनवास विधायक इंदिरा मीणा गंगापुर विधायक रामकेश मीणा खंडार विधायक अशोक जी बेरवा सवाई माधोपुर विधायक दानिश अबरार चाकसू विधायक वेद प्रकाश सोलंकी को पत्र लिखकर माली समाज द्वारा मांगी जा रही 11 सूत्रीय मांग

(1) माली समाज को अलग से 12 परसेंट आरक्षण दिया जावे
(2) महात्मा फुले कल्याण बोर्ड का गठन किया जावे
(3) महात्मा फुले दंपति को भारत रत्न प्रदान करने हेतु प्रस्ताव भेजा जावे
(4) सरकार फुले फाउंडेशन का निर्माण करें
(5) संग्रहालय का निर्माण किया जाए
(6) फुले रेजिमेंट उर्फ सैनी रेजिमेंट का गठन हो
(7) प्रत्येक शेयर में सब्जी बेचने वालों के लिए स्थाई जगह सुनिश्चित हो
(8) समाज पर अत्याचार करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई एक्ट का निर्माण हो
(9) महात्मा फुले बागवानी बोर्ड का गठन किया जावे
(10) महात्मा फुले दंपति पर विश्वविद्यालय में फुले शोध केंद्र की स्थापना की जावे
(11) महात्मा फुले दंपति के जन्मदिन पर राजकीय अवकाश घोषित किया जाए

राज्य के मुख्यमंत्री श्री अशोक जी गहलोत जी को पत्र लिखकर अवगत कराने के लिए निवेदन किया

## स्क्रिप्ट राइटिंग और फ़िल्म मेकिंग वर्कशाप का आयोजन इसी माह में, शीघ्र ही सीहोर में होगी फिल्म की शुटिंग

### योग्य प्रतिभागियों को मिल सकेगा फिल्म में काम करने का मौका-मोहन आजाद

**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**सीहोर।** सुप्रिसिद्ध फिल्म निर्देशक, स्क्रिप्ट राइटर, अभिनेता व लेखक श्री मोहन आजाद ने एक पत्र के माध्यम से बताया है कि सीहोर नगर में गत जनवरी माह में मेरा आगमन हुआ था। सीहोर वासियों का मुझे जो अपनत्व , स्नेह और सम्मान मिला वह अभिभूत करने वाला था। उन्होने आगे कहा कि सीहोर प्रवास के दौरान मैंने यहाँ फ़िल्म निर्माण के लिए लोकेशन का जायजा लिया था । साथ ही स्थानीय गणमान्य नागरिकों , पत्रकार बंधुओं के सदव्यवहार और सकारात्मक सोच से बेहद प्रभावित हुआ था । मुझे लगा था कि सीहोर के हर व्यक्ति के दिल दिमाग में कोई न कोई कहानी, कथा, गीत, कविता बीज रूप में अंकुरण के लिए अकुला रही है । इसका जिक्र मैंने पत्रकार बंधुओं व अन्य उपस्थित बुद्धिजीवियों से भी रू - ब - रू कार्यक्रम में किया था । चर्चा के दौरान यह भी कहा था कि हम शीघ्र ही स्क्रिप्ट राइटिंग एवं फ़िल्म मेकिंग को लेकर सीहोर में वर्कशाप करेंगे । अब वह समय नजदीक आ गया है । इसी मार्च माह में 24 तारीख से 29 तारीख तक स्क्रिप्ट राइटिंग और फ़िल्म मेकिंग को लेकर




वर्कशाप होने जा रही है । इस वर्कशाप में फ़िल्म लेखन , डायलॉग लेखन और फ़िल्म मेकिंग को लेकर मोहन आजाद के द्वारा प्रशिक्षण दिया जायेगा । इस वर्कशाप में भाग लेने के लिए हमारी वेबसाइट , मेलआईडी और फोन नंबर 9425083827 (रघुवर गोहिया), 7999953553 (पुरुषोत्तम मीणा) 8830415854 (शैलेन्द्र मुम्बई), 9820616685 (शम्मी मुम्बई) पर भी अधिक जानकारी हेतु सम्पर्क कर सकते हैं। असुविधा से बचने के लिए आप यथा शीघ्र अपना रजिस्ट्रेशन करा लें ताकि कार्यशाला व्यवस्थित और सुचारू ढंग से संचालित करने में आसानी हो सके । कार्यशाला के बाद संभवत- मई - जून माह में सीहोर में ही फ़िल्म का निर्माण होने की तैयारी है । इस में कम से कम दो योग्य प्रतिभागियों को फ़िल्म में काम करने का अवसर भी दिया जायेगा । श्री आजाद ने असुविधा से बचने में लिए वर्कशाप में शामिल होने वाले प्रतिभागियों से जल्द से जल्द रजिस्ट्रेशन कराने की अपील भी की है।

# शिवपुरी पुलिस ने कार से 5 लाख की चोरी का किया 48 घंटे में खुलासा

**अनिल कुशवाह ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**शिवपुरी-**खबर शिवपुरी से है जहाँ ट्रांसपोर्टर राकेश गुप्ता ने कोतवाली आकर रिपोर्ट किया कि मैं अपनी कार को गुरद्वारे के पास खड़ा किया था उसी वक्त कुछ लोगों ने आकर मुझे गुमराह करने के लिये कहा कि तुम्हारी गाड़ी मे से ऑयल लीक हो रहा है जिसे मैं देखने लगा इसी दौरान उनमे से किसी के द्वारा मेरी गाड़ी मे रखे बैग जिसमे 5 लाख रुपये रखे थे चुरा लिया । रिपोर्ट पर से थाना कोतवाली पर अपराध क्र.144/2022 धारा 379 भादवि का कायम कर थाना प्रभारी तत्काल मौके पर पहुंचे घटना स्थल का मुआयना किया एवं घटना की सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दी ।




पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री राजेश सिंह चंदेल ने दिन दहाड़े हुयी चोरी की इस घटना को गंभीरता से लेते हुये चोरों की पतारसी एवं चोरी गये बैग को वरामद करने के लिये शहर मे लगे सीसीटीव्ही एवं सायबर सैल की मदद लेने के निर्देश दिये। अति. पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री प्रवीण कुमार भूरिया, एसडीओपी शिवपुरी श्री अजय भार्गव के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी कोतवाली निरी. सुनील खेमरिया के नेतृत्व मे एक पुलिस टीम गठित कर चोरों की तलास शुरु की गई । जिससे चलते शहर मे लगे सीसीटीव्ही कैमरों को खंगाला गया, जिससे ज्ञात हुई कि घटना के वक्त एक नीले रंग की दिल्ली पास वलेनो कार क्रं. ष्ठरु12ष्टछ्व9844 दिखी एवं उसमे से 4-5 लोग उतरे और घटना स्थल पर पहुंचे। पुलिस द्वारा विवेचना को आगे वढ़ाते हुये इन लोगों पर शक के दायरे लेते हुए इनकी जांच पड़ताल मे जुट गई । सायबर सेल की मदद से गाड़ी का पता किया गया तो दिल्ली का पता आया। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन मे थाना कोतवाली से एक पुलिस टीम जिसमे उनि. दीपक पालिय, प्रआर. देवेन्द्र, प्रआर नरेश यादव एवं आर भूपेन्द्र यादव को दिल्ली के लिये रवाना किया गया। पुलिस टीम द्वारा दिल्ली पुलिस की मदद से थाना अम्बेडकर नगर इलाके से दविस देकर एक आरोपी, घटना मे प्रयुक्त कार ष्ठरु12ष्टछ्व9844 एवं आरोपी से नगद 3 लाख रुपये वरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी से पूछताछ मे बताया कि उसने अपने 4 अन्य साथियों के साथ मिलकर घटना को कारित किया है। पुलिस द्वारा घटना का 48 घंटे के अंदर खुलासा कर घटना मे सामिल अन्य आरोपियों की तलास की जा रही है। घटना पर तुरंत कार्यवाही करने एवं खुलासा करने पर पुलिस अधीक्षक शिवपुरी द्वारा पुलिस टीम के मनोवल बढ़ाने एवं सराहनीय कार्य के लिये नगद पुरुस्कार की घोषणा की है।

इस कार्यवाही मे थाना प्रभारी कोतवाली निरी. सुनील खेमरिया, उनि. दीपक पालिया, कावा. प्रआर. नरेश यादव, काव. प्रआर. देवेन्द्र, आर. भूपेन्द्र यादव की शराहनीय भूमिका रही।

## नीखरा बने कांग्रेस विचार विभाग के जिला अध्यक्ष

**पुष्पांजली टुडे**

**शिवपुरी/दिनारा** -- मा. कमलनाथ जी(पूर्व मुख्यमंत्री) के निर्देशानुसार म.प्र. के.पी सिंह कक्काजू विधायक पिछोर के आशीर्वाद व करैरा विधायक प्रागीलाल जी की अनुशंसा पर विचार विभाग प्रदेश अध्यक्ष श्री भूपेंद्र गुप्ता जी द्वारा सुमित नीखरा मोनू दिनारा को कांग्रेस विचार विभाग का शिवपुरी जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर कांग्रेस जन ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी। नीखरा ने शीर्ष नेतृत्व कमलनाथ जी व दिग्विजय सिंह जी व रामेश्वर नीखरा पूर्व सांसद, के.पी. सिंह कक्काजु,अशोक सिंह जी,जिला अध्यक्ष श्रीप्रकाश शर्मा व करैरा विधायक प्रागीलाल जाटव जी,भूपेंद्र गुप्ता,का आभार व्यक्त किया । नीखरा को साहब सिंह गुर्जर, अवनीश बुंदेला,रामू यादव ,ओमप्रकाश गुप्ता, रूपेंद्र यादव, मानसिंह फौजी, रानू, आलोक, साहिल, अंकित,सलीम,परवेज शालू व सभी मित्रों व स्नेही जन बधाई व शुभकामनाएं दी व नीखरा ने सभी का आभार व्यक्त कर धन्यबाद दिया और कहा कि मुझे जो जिम्मेदारी कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व ने भरोसा कर दी है उसका में पूर्ण निष्ठा लग्न से निर्वाहन करूंगा। नीखरा पूर्व में कांग्रेस के विभिन्न पदों पर रह चुके है उनकी सक्रियता और कांग्रेस पार्टी के लिये लग्न व निष्ठा व सामाजिक कार्यो में अग्रणी रहते है उनके परिश्रम को देखते हुए यह जिम्मेदारी दी गई है। उन्हें यह जिम्मेदारी मिलने पर उनके शुभचिंतको में उत्साह है व क्षेत्र वासियों में खुशी सभी ने उनके उज्जवल मय भविष्य की कामना की।



## मेडिकल कॉलेज दतिया में अंकुर अभियान तहत पौधरोपण कार्यक्रम सम्पन्न


- पौधे हैं तो ऑक्सिजन है, ऑक्सिजन है तो हम हैं-डॉ दिनेश उदेनिया
- पौधे हमें सबकी सदैव सहायता करने को प्रेरित करते हैं - डॉ अर्जुन सिंह

**पुष्पांजली टुडे**

**दतिया ।** मेडिकल कॉलेज दतिया के प्रांगण में आज दिनांक 05 मार्च को अंकुर अभियान के तहत , 61 पौधों का पौधरोपण किया गया , यह अभियान मध्यप्रदेश सरकार के आदेश के तहत किया गया , इस कार्यक्रम में मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ दिनेश उदेनिया ने चिकित्सा छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि पौधे हमें ऑक्सिजन देते हैं और ऑक्सिजन जीवन के लिए आवश्यक है , साथ ही साथ पौधे पर्यावरण संरक्षण का कार्य भी करते हैं। अस्पताल अधीक्षक डॉ अर्जुन सिंह ने कहा कि पौधे हमें छाया, फल ,फूल देते हैं और खुद धूप सहते हैं इस तरह से पौधे हमें दूसरों की सदैव सहायता के लिए प्रेरित करते हैं ।। कार्यक्रम संयोजक डॉ अर्जुन सिंह एवं कमल कछावा थे, इस दौरान समस्त चिकित्सा शिक्षक, चिकित्सा छात्र और नर्सिंग स्टाफ मौजूद रहा।



## विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटी भाजपा, जनता तक पहुंचाएगी भूपेश सरकार की नाकामियां



**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**


**रायपुर।** असम की तरह उत्तर प्रदेश में भी भाजपा को भूपेश बघेल के प्रचार का फायदा मिल रहा है. असम की तरह उत्तर प्रदेश में भी भूपेश बघेल कांग्रेस को डुबो गए. उत्तर प्रदेश में 3 से 4 सीटें कांग्रेस की आएगी. यह बात पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने पांच राज्यों में चल रहे विधानसभा चुनाव को लेकर कही डॉ. रमन सिंह ने भाजपा विधायकों की प्रदेश प्रभारी डी पुरंदेश्वरी के साथ हो रही बैठक पर मीडिया से चर्चा में कहा कि भाजपा के पक्ष में माहौल है. इस दौरान उन्होंने 'जनता बीजेपी के साथ, यूपी में कांग्रेस का बंटाधार' कहते हुए उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के दहाई के भी आंकड़े तक नहीं पहुंचने की बात कही वहीं डी पुरंदेश्वरी की मौजूदगी में हो रही भाजपा विधायकों की बैठक पर कहा कि विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर चर्चा के साथ विधानसभा सत्र को लेकर भी रणनीति बनेगी. मोदी सरकार की योजनाओं के साथ भूपेश सरकार की नाकामियों का भी जनता के बीच प्रचार किया जाएगा. बैठक में राष्ट्रीय सह-संगठन महामंत्री, प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय, नेता-प्रतिपक्ष धरम लाल कौशिक सहित कई विधायक मौजूद है।

# अटल प्रगति पथ के बहाने एक लाख हेक्टेयर उपजाऊ जमीन हड़पने की तैयारी: राजेश शर्मा

**महेन्द्र शर्मा रिपोर्टर ग्वालियर संभाग पुष्पांजली टुडे**

**भिंड।** 5 मार्च 2022 को मध्य प्रदेश सरकार के सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदोरिया ने अटेर क्षेत्र में तमाम सरकारी योजनाओं का शुभारंभ किया। इसी दौरान उनका एक बयान समाचार पत्रों में पढ़ा कि अटल प्रगति पथ क्षेत्र में विकास के नए द्वार खोलेगा। मंत्री जी के इस बयान पर अखिल भारतीय किसान सभा के जिला सचिव राजेश शर्मा ने कहा कि मंत्री जी को यह नहीं मालूम कि उक्त अटल प्रगति पथ (अटल एक्सप्रेस हाईवे )की योजना मौजूदा स्वरूप में लागू की गईत तो चंबल के किनारे पीढ़ियों से बसे किसानों के लिए कितनी मुश्किलें खड़ी होने वाली हैं 7

किसान नेता ने कहा कि, हम विकास के विरोधी नहीं है लेकिन विकास के नाम पर किसानों गरीबों पर जो मुश्किलें खड़ी की जाएंगी उसके विरोधी हैं 7 सरकार यदि इस योजन ईमानदार है तो डी0 पी0 आर0 (डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट) को गोपनीय क्यों रखा गया है। तमाम राजनैतिक दलों एवं संगठनों को शासन प्रशासन ने डी पी आर देने से मना कर दिया, किसान नेता ने कहा कि




दरअसल इटावा से कोटा तक चंबल के किनारे 404 किलोमीटर लंबा अटल प्रगति पथ बनाना और उसके दोनों साइड एक 1-1 किलो मीटर चौड़ा कोरीडोर बनाना तो ठीक है 7 लेकिन सरकार एवं उनकी पूंजीपति मित्रों की मंशा ठीक नहीं है 7 लगभग एक लाख हेक्टर बीहड़ की उपजाऊ जमीन जो सरकारी है। पूंजीपतियों को सौंपने की तैयारी है 7

जब सरकार किसानों के प्रति ईमानदार है, तो हाईवे के दोनों साइड कोरिडोर की जमीन उसी गांव के किसानों को आवंटित की जाए एवं खेती आधारित उद्योग लगाने में सरकार मदद करें 7 किसान नेता ने कहा कि पिछले दिनों मुरैना में आंदोलन के दबाव के चलते केंद्रीय मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर ने हस्तक्षेप करके मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री से जमीन के बदले दोगुनी जमीन देने की घोषणा करवा ली है ,तो मुख्यमंत्री बताएं कि बदले में जो जमीन के बदले जमीन कहां दी जाएगी,यदि किसान जमीन लेने को राजी है तो ?100000? प्रति बीघा जमीन को विकसित करने का मुआवजा सरकार देगी क्या ? यदि किसान जमीन के बदले जमीन लेने को तैयार नहीं है, तो 2013 में बने भूमि अधिग्रहण कानून के तहत बाजार की दर से 3 से 5 गुना मुआवजा देने को क्या? सरकार तैयार है 7

किसान नेता ने कहा कि चंबल के किनारे के तीस हजार किसान कई वर्षों से बीहड़ की जमीन को समतल करके खेती कर अपने परिवार का जीवन यापन कर रहे हैं । उस जमीन का राजस्व दस्तावेज में कहीं अभिलेख नहीं है 7

लिहाजा वह जमीन भी किसानों की जमीन मानी जाए एवं खसरे में उनका कब्जा दर्ज करवा दिया जाए एवं मुआवजा दिया जाए, इस योजना में दस हजार किसानों की जमीन अधिग्रहित की जा रही है । किसान नेता ने कहा कि नये सिरे से गजट नोटिफिकेशन किया जाए समुचित प्रचार-प्रसार किया जाए। प्रत्येक किसान को व्यक्तिगत नोटिस दिए जाएं, एवं दावे आपत्तियों को सुनबाई की जावे।

मतलब इसमें गोपनीयता नहीं पारदर्शिता होना चाहिए ।पिछले 20 वर्षों से इस चंबल के बीहड़ की 100000 हेक्टेयर भूमि हड़पने के लिए प्रयास होते रहे हैं कभी घड़ियाल अभ्यारण के नाम पर कभी अमेरिका की मैक्सवर्थ कंपनी को लीज देने के नाम पर, पिछले वर्षों मुरैना के तेल व्यापारी को पचास हजार बीघा जमीन लीज पर दे दी थी। लेकिन किसानों के प्रतिरोध की वजह से सारी तिकड़मे फेल हुई । किसान नेता ने कहा कि पूरे 404 किलोमीटर के हाईवे में सिर्फ सात प्रवेश द्वार (कट )से साफ है, यह हाईवे किनके लिए बनाया जा रहा है, ईमानदारी से हर बड़े गांव के पास एक कट होना चाहिए, जिससे आम जनता भी इसका उपयोग कर सकें 7

किसान नेता ने सहकारिता मंत्री को सलाह दी है। कि आप अटेर क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं ।अटेर क्षेत्र के 28-30 गाँव उजड़ने बाले है, मंत्री जी आप चम्बल की माटी में पैदा हुए है आपको क्षेत्रीय जनता के हितों का ध्यान रखना चाहिए।

## प्रदेश भाजपा कार्यालय, कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में भाजपा की हुई बैठक शुरू

**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**रायपुर।** प्रदेश भाजपा कार्यालय, कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में भाजपा विधायक दल की बैठक का राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री एवं प्रदेश प्रभारी डी पुरंदेश्वरी ने दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया। डॉ. रमन सिंह ने भाजपा विधायकों की प्रदेश प्रभारी डी पुरंदेश्वरी के साथ हो रही बैठक पर मीडिया से चर्चा में कहा कि भाजपा के पक्ष में माहौल है. इस दौरान उन्होंने 'जनता बीजेपी के साथ, यूपी में कांग्रेस का बंटाधार' कहते हुए उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के दहाई के भी आंकड़े तक नहीं पहुंचने की बात कही. वहीं डी पुरंदेश्वरी की मौजूदगी में हो रही भाजपा विधायकों की बैठक पर कहा कि विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर चर्चा के साथ विधानसभा सत्र को लेकर भी रणनीति बनेगी. मोदी सरकार की योजनाओं के साथ भूपेश सरकार की नाकामियों का भी जनता के बीच प्रचार किया जाएगा. बैठक में राष्ट्रीय सह-संगठन महामंत्री, प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय, नेता-प्रतिपक्ष धरम लाल कौशिक सहित कई विधायक मौजूद रहे।




## द्वारकाधीश दर्शन करके आये भक्तों ने गोमाता के लिए 11 हजार रूपए कि राशि गोशाला में देने की घोषणा

**पुष्पाजंली टुडे**

**मुबई** ः–विरार दिनांक 03/03 2022, गुरुवार के दिन जयेश भायल, ओगडराम वरफा, विजय सोलंकी, मोहनलाल काग, माँगीलाल सेणचा, किशोर परिहार की तरफ से सुबह 10 बजे भवानी माता मंदिर चिकल डोंगरी रोड से श्री आईमाताजी मन्दिर तक राजस्थानी ढोल बाजे के साथ स्वागत समारोह आयोजित हुआ। जिसमें लापसी महाप्रसादी का कार्यक्रम रखा गया ।श्री द्वारकाधीश, सारंगपुर हनुमानजी और सोमनाथ मंदिर के दर्शन मंगल यात्रा करके विरार में पधारे। ओर विरार में भव्य स्वागत किया गया । सीरवी समाज ने किया ढोल बाजे के साथ स्वागत भवानी मंदिर से आईमाता वडेर तक महिलाओं ने व पुरुषो ने अपनी राजस्थानी परम्पराओ पर नृत्य किया व ढोल बाजे के साथ स्वागत किया गया। सभी सीरवी बन्धुओ को दिल से धन्यवाद जिन्होंने समाज के प्रति अपनी मेहनत करके इस कार्यक्रम को भव्य रूप दिया उन सभी मनुभाओ को एक बार फिर से सभी को दिल से आभार व्यक्त करता हूँ। यह जानकारी सीरवी विकास मण्डल विरार संस्था के मीडिया प्रभारी नगाराम गेहलोत ने दी।



# मुरैना अपराध व अपराधी की कमर तोड़ने को अभी बहुत कुछ करना बाकी: आशुतौष बागरी

**केशब प्रसाद शर्मा चम्बल ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**मुरैना...**शासन के दूत के रूप में आए मुरैना जिला पुलिस अधीक्षक आशुतौष बागरी ने जिले में अपराध, कोरोना और पुलिसिंग की समीक्षा के दौरान कडे शब्दो में कहा है। कि अभी बहुत काम करना बाकी है। तभी अपराध व अपराधी की कमर तोड़ी जा सकेगी। हालांकि, उन्होंने एक महीने के कार्यकाल में मुरैना स्टेशन व कोतबाली शिबिल लाइन थाना प्रभारियो की पीठ ठोंकते हुए कहा कि उनकी कार्यशैली से वे अब परिचित हैं। और बेहतर ही करेंगे क्यो कि मुरैना में जाम जैसी परिस्थिति से आमजन बहुत परैसान थे जिसमे स्बम एसपी ने फ्लैग मार्च निकाल कर मुरैना को जाम से निजात दिलाने में उपलब्धी हासिल की है पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन सभागार में सबसे पहले आरआई कृष्ण प्रताप जी व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक की मौजूदगी में पुलिस के राजपत्रित अधिकारियों की बैठक ली, जिसमें करीब दो घंटे तक चर्चा हुई जिसमें उन्हौने एएसपी पीरियड जो देखा उसके बारे में बताया इसके बाद इन्दौर में एसपी



रहते जो उपलब्धी हासिल की उसी प्रक्रिया से मुरैना की भोगोलिक स्थिति में परिबर्तन लाने की बात कही और अभियोजन के अधिकारियों के साथ अपराधियों के खिलाफ मुकदमों की पैरवी पर चर्चा की। जिले के सभी थाना प्रभारियो की मौजूदगी में कोरोना को लेकर हुए कामकाज की समीक्षा की। इसके बाद दो घंटे के ब्रेक के बाद शाम को एएसपी और अपर पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारियों के साथ जिले में पुलिसिंग की थानावार समीक्षा का काम शुरू हुआ जो देर शाम तक जारी रहा। इस मौके पर सिटी सीएसपी अतुल सिह व क्राइम टीम साइबर सैल प्रभारी सचिन पटैल यातायत प्रभारी निखल नागर मौजूद रहे। स्टाफ अफसर ने रात में देखी पुलिस पेट्रोलिंग की हकीकत व आरटीकॉल पर बदलाब लाते हुऐ स्वम साथ रहकर चेकिंग के लिए भेजा। इस दौरान वे शहर के सर्वाधिक शराब नशे जैसे अढढा और लडकियो को परेसान करने बालो पर शिकंजा कस कमर तोडी इस दौरान उनके स्टाफ अफसर पुलिस तैनाती की व्यवस्था पर गहरी निगाहे रखी रात में रुकेंगे और समय दिखेगे भी दिखेंगे ऐसे अधीनस्थो को कडे निर्देश दिये प्रभारी रात में 12 बजे तक थाने में ही रुकेंगे हालांकि, उन्होंने अभी अपना कोई प्लान किसी को नहीं बताया है कि कहा किस समय भ्रमण पर निकल ले सभी बीट प्रभारियो को



शक्त निर्देश दिये है शराब का कारोबार किसी की बीट में मिला तो खैर नही दण्डात्मिक कारबाही से बच नही पाओगे और अच्छा करने रहैगे तो पुरूस्कार से नबाजे जाओगे दूसरा सभी नागरिको से अपील है कि जिले में लगातार आसामाजिक तत्वो द्वारा डकैत गैंगो की अफबाहे फैलाई जारही है वो बिल्कुल असत्य है जितनी भी घटना हुई है उन्है पुलिस द्वारा बैरीफाई किया है असत्य पाई गई है ऐसा कही कुछ भी नही है बाबरी पुरा गॉव की भी घटना संदिग्ध है पुलिस द्वारा वेरीफाई करने पर किसी भी डकैत का कोई मूवेन्ट नही है अगर जो भी ब्यक्ति अफबाह फैलाकर के डर और भय का माहौल पैदा करैगा उसके प्रति दण्डात्मिक कारबाही की जाबेगी अगर कोई ब्यक्ति डर और भय का माहौल पैदा करता है तो आप 7049101040 पर सूचित भी कर सकते है।

# अटल प्रगति पथ अटेर क्षेत्र में विकास के नये द्वार खोलेगा: मंत्री डॉ भदौरिया

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

सहकारिता मंत्री डॉ भदौरिया ने आज अटेर क्षेत्र की ग्राम पंचायत गोपालपुरा, महापुर, ऐतहार, बिछौली एवं मसूरी में 3 करोड़ 64 लाख से अधिक लागत के कई निर्माण विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया सहकारिता एवं लोकसेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदौरिया आज अटेर क्षेत्र की ग्राम पंचायत गोपालपुरा, महापुर, ऐतहार, बिछौली एवं मसूरी के दौरे पर रहे जहाँ उन्होंने 3 करोड़ 64 लाख से अधिक लागत के कई निर्माण/ विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत जेके जैन, एसडीएम अटेर उदय सिंह सिकरवार सहित क्षेत्र के आमजन उपस्थित रहे।




कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए सहकारिता एवं लोकसेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदौरिया ने कहा कि अटेर क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं छोड़ी जायेगी। उन्होंने कहा कि अटेर में अनेक निर्माण कार्य जारी हैं साथ ही कई निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया गया है। मंत्री डॉ भदौरिया ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के विकास के लिए समान रूप से कार्य कर रही है। सभी इलाकों का सर्वांगीण विकास हो, लोगों को आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता हो, शुद्ध पेयजल, स्वच्छ परिवेश, आवागमन के लिए अच्छी सड़कें आदि सरकार की प्राथमिकता है। मंत्री डॉ भदौरिया ने कहा कि अटल प्रगति पथ इस क्षेत्र में विकास के नये द्वार खोलेगा, उन्होंने बताया कि अटल प्रगति पथ मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान एक्सप्रेस-वे से मिलेगा। राज्य शासन इसके आसपास इंडस्ट्रियल क्लस्टर विकसित करेगा जिससे रोजगार के नए अवसर बनेंगे। सहकारिता एवं लोकसेवा प्रबंधन विभाग मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया ने अपने भ्रमण के ग्राम पंचायत गोपालपुरा में 43 लाख 95 हजार की लागत के 4 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। जिसके अंतर्गत 12 लाख 85 हजार की लागत के पंचायत भवन का लोकार्पण, 07 लाख 80 हजार की लागत के आंगनवाड़ी केंद्र भवन का लोकार्पण, 14 लाख 30 हजार की लागत की सुदूर सम्पर्क सड़क लावन से गोपालपुरा के लोकार्पण के साथ 09 लाख की लागत के आंगनवाड़ी केंद्र भवन क्रमांक 2 का भूमिपूजन किया।

मंत्री डॉ भदौरिया ने महापुर में 97 लाख 77 हजार की लागत के 9 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। जिसके अंतर्गत 14 लाख 48 हजार की लागत के पंचायत भवन का लोकार्पण, 07 लाख 80 हजार की लागत के आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 1 महापुर के भवन का लोकार्पण, 07 लाख 80 हजार की लागत के आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 2 महापुर के भवन का लोकार्पण, 07 लाख 80 हजार की लागत के आंगनवाड़ी भवन चकरपुरा का लोकार्पण, 24 लाख 89 हजार की लागत की सुदूर सम्पर्क सड़क महापुर की ओर का लोकार्पण, चकरपुरा में 5 लाख की लागत की बाउंड्रीवॉल के निर्माण कार्य का भूमिपूजन, महापुरा एवं चकरपुरा में 20 लाख की लागतके नाले निर्माण कार्यों के भूमिपूजन के साथ महापुर में 10 लाख की लागत से तालाब निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया।

मंत्री डॉ भदौरिया ने ग्राम पंचायत ऐतहार में 14 लाख 48 हजार की लागत से निर्मित पंचायत भवन का लोकार्पण किया। मंत्री डॉ भदौरिया ने ग्राम पंचायत बिछौली में 17 लाख 95 हजार की लागत के 3 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। जिसके अंतर्गत 2 लाख 84 हजार की लागत से निर्मित शांतिधाम का लोकार्पण, 5 लाख 21 हजार की लागत से निर्मित शा.मा. विद्यालय की बाउंड्रीवॉल के लोकार्पण के साथ 9 लाख 90 हजार की लागत से होने वाले तालाब जीर्णोद्धार का भूमिपूजन किया। मंत्री डॉ भदौरिया ने ग्राम पंचायत मसूरी में 1 करोड़ 90 लाख 4 हजार की लागत के 5 निर्माण/ विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। जिसके अंतर्गत ग्राम कनावार में 1 करोड़ 37 लाख की लागत से निर्मित होने वाली नल-जल योजना का भूमिपूजन किया, इसके साथ 29 लाख 51 की लागत की दो सुदूर सड़कों, 14 लाख 95 हजार की लागत से निर्मित सामुदायिक भवन एवं 07 लाख 80 हजार की लागत से निर्मित आंगनवाड़ी भवन का लोकार्पण किया।

## प्रशासन की सक्रियता से रुका बाल विवाह

**केशब पंडित जी पुष्पांजली टुडे**

**मुरैना –** पुलिस विभाग मुरैना को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा फोन से सूचना प्राप्त हुई की गल्ला मंडी के पास गोपी गार्डन में धौलपुर राजस्थान में मानिया के एक गांव की 17 वर्षीय नाबालिक बालिका का बाल विवाह मुरैना नुराबाद के पास ही के एक गांव के रहने वाले 25 वर्षीय युवक से किया जा रहा है। बाल विवाह की सूचना प्राप्त होते ही पुलिस द्वारा तुरंत महिला एवं बाल विकास विभाग से शहरी परियोजना अधिकारी मनीष सिंह को इसकी सूचना प्रदान की जिस पर मनीष सिंह द्वारा चाइल्ड लाइन से नितिन शिवहरे, जय कुमार चांदिल, पुलिस थाने से एएसआई व पुलिस बल ने संयुक्त रूप से गोपी गार्डन पर पहुंचकर बालिका के परिजनों से बालिका के आयु संबंधित दस्तावेज परिजनों से मांगे गए जो कि उनके द्वारा कई घंटों बाद तक भी उपलब्ध न कराने की स्थिति में शहरी परियोजना अधिकारी मनीष सिंह, चाइल्ड लाइन टीम से नितिन शिवहरे द्वारा जिला जिला बाल कल्याण समिति अध्यक्ष आलोक राजावत से फोन पर चर्चा कर उन्हे मौके पर बुलाया। जिसके बाद संयुक्त टीम द्वारा अध्यक्ष बाल कल्याण समिति आलोक राजावत के आदेश अनुसार बालिका के आयु संबंधित दस्तावेज ना होने की स्थिति में मौके पर लिखित पंचनामा बनाकर बालिका को रेस्क्यू कर अस्थाई आश्रय हेतु बालिका को वन स्टॉप सेंटर छोड़ा गया । और परिजनों द्वारा सुबह तक बालिका के आयु संबंधित दस्तावेज व लिखित पंचनामा बनवा कर देने के लिए कहा गया कि जब तक उनकी बालिका की उम्र 18 वर्ष पूर्ण नहीं कर लेती तब तक वह बालिका का विवाह नहीं करेंगे अगर वह इस बात का उल्लंघन करते हैं तो उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी ।



## ईपीएस पेंशनरों की महत्वपूर्ण बैठक रविवार को

***दैनिक पुष्पांजली टुडे***

**भिण्ड ।** बनेगी आंदोलन की रणनीति ईपीएस पेंशनरों को न्यूनतम पेंशन ?7500+मंहगाई भत्ता सहित अन्य बहुप्रतीक्षित मांगों को सरकार द्वारा अतिशीघ्र मंजूर किये जाने के सिलसिले में शहर की बद्री प्रसाद की बगिया में रविवार को दोपहर 3ः00 बजे एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया जा रहा है जिसमें आगामी 7 मार्च सोमवार को ग्वालियर के ईपीएफओ मुख्यालय पर होने जा रहे विशाल धरना प्रदर्शन आंदोलन की रणनीति तैयार की जाएगी संगठन के जिलाध्यक्ष बीके बौहरे ने बताया उक्त बैठक में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष शशिभान सिंह भदोरिया विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे उक्त महत्वपूर्ण बैठक में भिंड जिले के सभी अल्पपेंशनधारकों से भाग लेने की अपील की गई है।

# प्रदेश सरकार हर महाविद्यालय को भवन उपलब्ध कराने के लिये कटिबद्ध डॉ. यादव

### उच्च शिक्षा मंत्री ने किया साइंस कॉलेज के नवीन भवन का भूमिपूजन

### ऊर्जा मंत्री श्री तोमर की विशेष मौजूदगी में हुआ भूमिपूजन




ग्वालियर। उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश सरकार राज्य के हर शासकीय महाविद्यालय का भवन बनाने के लिये कटिबद्ध है। इस कड़ी में सरकार ने 225 महाविद्यालयों के लिये नए भवनों का निर्माण करा दिया है। अब मात्र 31 ऐसे महाविद्यालय शेष बचे हैं, जिनके लिये जमीन का निर्धारण नहीं हो पाया है। जल्द ही इन महाविद्यालयों के भवनों का निर्माण भी करा दिया जायेगा। डॉ. यादव शनिवार को ग्वालियर में श्रीमंत माधवराव सिंधिया शासकीय विज्ञान महाविद्यालय के नवीन भवन के भूमिपूजन समारोह को संबोधित कर रहे थे। लगभग 924 लाख रूपए की लागत से महाविद्यालय के नए भवन का निर्माण किया जायेगा।

समारोह में ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल के अध्यक्ष श्री आशुतोष तिवारी, बीज एवं फार्म विकास निगम के अध्यक्ष श्री मुन्नालाल गोयल, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह तोमर व भाजपा जिला अध्यक्ष श्री कमल माखीजानी मंचासीन थे। इस अवसर पर कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी मौजूद थे।

उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कोरोना संकट के बाबजूद प्रदेश सरकार ने कुशल प्रबंधन की बदौलत शैक्षिक अधोसंरचना के लिये धन की कमी नहीं आने दी है। सरकार ने इस दौरान शिक्षा से संबंधित 1700 करोड़ रूपए के निर्माण कार्य मंजूर किए हैं।

इस अवसर पर उन्होंने यह भी कहा कि अगले शिक्षा सत्र से प्रदेश सरकार उच्च शिक्षा विभाग से संबद्ध महाविद्यालय में 150 प्रकार के नए पाठ्यक्रमों को अनुमति देगी। इनमें कृषि, संस्कृति, तकनीक, पुलिस विज्ञान इत्यादि से संबंधित पाठ्यक्रम शामिल रहेंगे। उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार मेडीकल व प्रबंधन की शिक्षा मातृ भाषा में देने के लिये भी गंभीरता से विचार कर रही है। उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. यादव ने विज्ञान महाविद्यालय ग्वालियर में भी नए पाठ्यक्रम शुरू करने के लिये तत्काल मंजूरी दिलाने की बात भी इस अवसर पर कही।

ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि हमारे बच्चों के लिये केवल रोटी, कपड़ा और मकान का इंतजाम ही पर्याप्त नहीं है। अच्छी शिक्षा और बेहतर कानून व्यवस्था भी जरूरी है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में केन्द्र व राज्य सरकार यह काम बखूबी ड़ंग से कर रही है। श्री तोमर ने साइंस कॉलेज में नवीन भवन स्वीकृत करने के लिये उच्च शिक्षा मंत्री के प्रति आभार जताया।

कार्यक्रम में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह तोमर ने भी विचार व्यक्त किए और भारतीय प्राचीन शिक्षा पद्धति की अच्छाईयों को रेखांकित किया। आरंभ में अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर नवीन महाविद्यालय भवन निर्माण के लिये भूमिपूजन किया। स्वागत उदबोधन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बी पी एस जादौन ने दिया। अंत में अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा डॉ. एम आर कौशल ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

### प्रशासनिक सेक्टर सहित अत्याधुनिक क्लास रूम व लेबोरेटरी बनेंगीं

लगभग 924 लाख रूपए की लागत से बनने जा रहे साइंस कॉलेज के नवीन भवन में प्रशासनिक सेक्टर के साथ-साथ 100 सीटर आठ क्लास रूम व 60 सीटर आठ क्लास रूम सहित रसायन शास्त्र की 80 सीटर पाँच लेबोरेटरी, बोटनी व जूलॉजी की 40 ङ्क 40 सीटर तीन ङ्क तीन लेबोरेटरी, एक ङ्क एक ई-लर्निंग कक्ष व पुस्तकालय का निर्माण किया जायेगा। महाविद्यालय भवन में भूतल पर 2640 वर्ग मीटर व प्रथम तल पर 2580 वर्ग मीटर निर्माण होगा। इसके अलावा 100 वर्ग मीटर की अत्याधुनिक रैम्प भी बनाई जायेगी।


## मुख्यमंत्री शिवराज जी के जन्मदिन पर पं. दीनदयाल उपाध्याय मंडल ने किया कन्या पूजन का आयोजन



ग्वालियर । मध्य प्रदेश के लोकप्रिय एवं यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय श्री शिवराज सिंह चौहान जी के जन्मदिन के अवसर पर शनिवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल द्वारा कन्या पूजन का आयोजन लक्कड़ खाना स्थित सिद्ध हनुमान मंदिर परिसर में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष श्री कमल माखीजानी जी के द्वारा कन्या पूजन किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष श्री कमल माखीजानी ने मध्यप्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जी को जन्मदिवस की ढेर सारी बधाई व शुभकामनाएं दी और कहा कि आपके कुशल नेतृत्व में राज्य का सर्वांगीण विकास हो रहा है। आप अनवरत राज्य की जनता व देश की सेवा करते रहें ऐसी कामना है। भगवान आपको उत्तम स्वास्थ्य व दीर्घायु प्रदान करें। इस अवसर पर पूर्व सभापति श्री बृजेंद्र सिंह जादौन, मंडल अध्यक्ष चेतन मंडलोई, मध्य प्रदेश सिंधी साहित्य अकादमी के निदेशक राजेश वाधवानी, श्री जण्डेल सिंह गुर्जर, महिपत सिंह गुर्जर, पाताल सिंह खटीक, बीपी सिंह तोमर, बंटी भदौरिया, श्रीमती शर्मिला कुशवाह, फैसल अली काजमी, ममता आर्य, अजय राज, महेश खत्री, मोनू राणा, रुकमणी जोशी, लक्ष्मण सिंह राणा, शुभम चौधरी, लाखन तोमर सहित अनेक पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### मुनिश्री का 52 वां जन्म अवतरण दिवस 7 मार्च को बनेगा, होगा पाद प्रक्षालन व गुरुपूजन



ग्वालियर। जैन मिलन ग्वालियर एवं दिगंबर सकल जैन समाज के तत्वावधान में राष्ट्रसंत मुनिश्री विहर्ष सागर महाराज का 52 वां जन्म (अवतरण) दिवस 7 मार्च 2022 को दोपहर 01 ऱ00 बजे से नई सड़क स्थित चंपाबाग बगीची में बड़े धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। जिसमे सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन आदर्श कलम ने बताया कि 07 मार्च को दोपहर 01ऱ00 बजे से मुनिश्री विहर्ष सागर महाराज, मुनिश्री विजयेश सागर महाराज, मुनिश्री विनिबोध सागर व ऐलक श्री विनियोग सागर महाराज के परम सानिध्य में कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण, स्वागत नृत्य, भगवान के चित्र अनवरण, दीप प्रज्वलन, शास्त्र भेंट, पाद प्रक्षालन, एवं गुरुपूजन भक्ति के साथ आयोजित किया जाएगा। जिसमे भिंड, मुरैना, बीना, आगरा, मथुरा, दिल्ली, झॉसी आदि जगह से कार्यक्रम में सम्मिलित गुरूभक्त होंगे।

**सुख में भी प्रभु स्मरण करें तो दुख नजदीक नहीं आते ऱ मुनिश्री विहर्ष सागर महाराज**

राष्ट मुनिश्री विहर्ष सागर महाराज ने चंपाबाग धर्मशाला में कहा कि हर राह में जगह-जगह कांटे बिखरे मिलेंगे। इसलिए हमें धर्म की राह पर चलते हुए जीवन के सफर में आगे बढ़ना होगा। व्यक्ति यदि वह सुख के समय में भी प्रभू स्मरण करे तो कभी दुख नजदीक नहीं आता। हमें अपनी जिंदगी को बेबसी व मुश्किलों से दूर कर कर्तव्यों की ओर गतिमान होना है। सही रास्ते पर ले जाने वाले व्यक्ति को ही माता-पिता कहलाने का अधिकार है और इसलिए माता-पिता को प्रथम गुरू कहा गया है। धर्म को सुख का मार्ग बताते हुए राष्ट संत ने कहा कि भौतिक चीजों में सुख नहीं है। आत्मशुद्धि में परम सुख है। इसलिए हमें अपने अंदर सुख की खोज करनी है। मुनिश्री ने कहा कि हमें हमेशा यह नहीं देखना चाहिए कि हमने क्या पाया है, बल्कि यह देखना चाहिए कि हमने अर्पण क्या किया है। हमें रिश्तों व आस-पड़ोस को सहेज कर रखना होगा।

## प्रसिद्ध कथा वाचक रमेश भाई ओझा की संगीतमयी श्रीमद भागवत नौ मार्च से, तैयारियों के लिये समितियां बनी



ग्वालियर। श्री सांई भक्त मंडल ट्रस्ट विकास नगर के सानिध्य में प्रसिद्ध कथा वाचक रमेश भाई ओझा की संगीत मयी श्रीमद भागवत कथा 9 से 16 मार्च तक सांई धाम फूलबाग मैदान पर आयोजित की जा रही है। इसके लिये तैयारियां जहां जोरों से चल रही हैं वहीं कथा के लिये अब प्रशासन भी जुडकर अपने स्तर के काम हाथों में ले रहा है। इस कथा में चार बडे उत्सव मनाये जायेंगे जिसमें एक कवि सम्मेलन भी प्रमुख रूप से होगा।

उक्त जानकारी आज पत्रकारों को देते हुये पूर्व सांसद , पूर्व मंत्री अनूप मिश्रा , श्री सांई भक्त मंडल ट्रस्ट विकास नगर के योगेश शुक्ला , आनंद सावंत ने बताया कि श्रीमद भागवत कथा के लिये नौ मार्च को कलश यात्रा निकाली जायेगी। यह कलश यात्रा सांई मंदिर खेडापति से शुरू होकर कथा स्थल फूलबाग मैदान पर पहुंचेगी। पूर्व सांसद अनूप मिश्रा ने बताया कि इस कथा के मुख्य यजमान डॉ.मूंदडा परिवार है। उन्होंने बताया कि कथा के लिये लगभग छह सौ वालंटियर लगाये जा रहे हैं। यह वालंटियर मंच, पंडाल, स्वच्छता से लेकर पेयजल की व्यवस्था संम्हालेंगे। पूर्व सांसद मिश्रा ने बताया कि इस कथा में चार बडे उत्सव होंगे जिसमें 11 मार्च को एक कवि सम्मेलन आयोजित किया जायेगा। 13 मार्च को श्री कृष्ण जन्म उत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा। 14 मार्च को गोवर्धन पूजा होगी। 15 मार्च को रूकमणी का विवाह होगा। उन्होने बताया कि रूकमणी विवाह में एक जोडे का विवाह संपन्न कराया जायेगा। पूर्व सांसद अनूप मिश्रा ने बताया कि इसी के साथ गत दिवस प्रशासन के साथ भी एक बैठक संपन्न हुई थी जिसमें कथा स्थल पर रोजाना लगभग 15 हजार श्रद्धालुओं के आने की व्यवस्थाओं पर विचार किया गया। उन्होने बताया कि निगम स्वच्छता की पूरी जिम्मेदारी लेने को तैयार है। वहीं बिजली विभाग भी प्रयास करेगा कि फूलबाग जोन में 9 से 16 मार्च तक विद्युत सप्लाई निर्वाध बनी रहे। उन्होंने बताया कि ग्वालियर महानगर के दूर दराज क्षेत्रों से कथा स्थल तक लाने और वापस ले जाने के लिये किला गेट, महाराजपुरा, मुरार, महाराज बाडा आदि क्षेत्रों से बसें चलाई जायेंगी जो श्रद्धालुओं को लेकर कथा स्थल तक आयेंगी और उन्हें वापस उनके गंतव्य तक पहुंचायेंगी। श्री सांई भक्त मंडल ट्रस्ट विकास नगर तथा कथा आयोजकों ने सभी धर्मप्रेमी नागरिकों से नौ मार्च से शुरू हो रही श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ कार्यक्रम में पहुंचकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

## इन्द्रधनुष अभियान में होगा बच्चों और गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण




ग्वालियर। इन्द्रधनुष अभियान के तहत भारत सरकार ने जिलों में क्रियान्वयन के लिये एक काम्पोजिट इंडक्स बनाया है। अब इसके तहत प्रथम चरण में एक से 17 मार्च तक द्वितीय चरण में 4 से 15 अप्रैल तक तथा मीसरे चरण में 7 से 19 मई तक अभियान चलाया जायेगा। इस अभियान के तहत टीकाकरण से वंचित 0-2 वर्ष तक के बच्चे तथा गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर पूर्ण टीकाकरण किया जायेगा। उक्त जानकारी सीएचएमओ डॉ. मनीष शर्मा, जिला क्षय अधिकारी डॉ. सीमा जायसवाल ने देते हुये बताया कि अभियान के प्रथम चरण में ग्वालियर जिले के ग्रामीण क्षेत्र के 51 उप स्वास्थ्य केन्द्र व नगर निगम के 38 वार्डो का चयन किया गया है। सूक्ष्म कार्ययोजना के तहत निर्धारित प्रपत्र में आशा , आंगनबाडी एवं एएनएम के संयुक्त प्रयासों से चिन्हित 0-2 वर्ष के बच्चों का तथा गर्भवती महिलाओं का निर्धारित क्षेत्रों में घर घर जाकर सर्वे किया जाकर हेड काउंट किये जायेंगे। इसमें कुल 1001 बच्चों एवं 300 गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया जायेगा। इस अभियान की मानीटरिंग विश्व स्वास्थ्य संगठन एवं राज्य, संभाग , जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा की जायेगी। सीएचएमओ ने सभी से टीकाकरण के छूटे बच्चों एवं गर्भवती माताओं का टीकाकरण कराने की अपील की है। इस अभियान की मानीटरिंग कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह भी करेंगे।




## उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. यादव द्वारा चीनौर में 704 लाख की लागत से बने महाविद्यालय भवन का लोकार्पण

### कहा शिक्षा को रोजगारपरक बनाने के लिए प्रदेश सरकार ने प्रभावी कदम उठाए

### पूर्व उच्च शिक्षा मंत्री श्री पवैया की पहल पर चीनौर में हुई है शासकीय महाविद्यालय की स्थापना




ग्वालियर। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने में मध्यप्रदेश देश भर में अग्रणी है। प्रदेश में शिक्षा को रोजगारपरक बनाने के लिए सरकार ने प्रभावी कदम उठाए हैं। यह बात प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने कही। डॉ. यादव शनिवार को पूर्व शिक्षा मंत्री श्री जयभान सिंह पवैया के गृह ग्राम चीनौर में 704 लाख रूपए की लागत से नवनिर्मित शासकीय महाविद्यालय भवन के लोकार्पण कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। लोकार्पण कार्यक्रम में सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर एवं पूर्व उच्च शिक्षा मंत्री श्री जयभान सिंह पवैया विशेष अतिथि के रूप में मौजूद थे।

पूर्व उच्च शिक्षा मंत्री श्री जयभान सिंह पवैया ने अपने कार्यकाल के दौरान चीनौर में शासकीय भवन की स्थापना कराई थी। साथ ही भवन निर्माण के लिए उसी समय धनराशि भी मंजूर करा दी थी। महाविद्यालय में कला, विज्ञान, वाणिज्य एवं कम्प्यूटर साइंस जैसे पाठ्यक्रम संचालित हैं। चीनौर कस्बे में 704 लाख रुपये की लागत से लगभग 4 हेक्टेयर रकबे में भव्य महाविद्यालय भवन बन कर तैयार हुआ है। भूतल पर 2138 वर्ग मीटर व प्रथम तल पर 1892 वर्ग मीटर में भवन का निर्माण हुआ है। महाविद्यालय में प्रशासनिक कक्षों व कॉन्फ्रेंस हॉल के अलावा 11 क्लास रूम, फिजिक्स, केमिस्ट्री, होम साइंस व कम्प्यूटर प्रत्येक के लिए 2, अलग- अलग लेबोरेट्री का निर्माण कराया गया है। भवन परिसर में प्रवेश द्वार सहित चारोंओर बाउंड्रीवाल व एप्रोच रोड बनाई गई है।

उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश के महाविद्यालयों में जीवन मूल्य, संस्कृति व संस्कारों की शिक्षा भी दी जायेगी। साथ ही किसानों की समृद्धि व शिक्षा को रोजगारपरक बनाने की कड़ी में महाविद्यालयों में सामान्य पड़ाई के साथ-साथ कृषि संस्थानों की तर्ज पर जैविक खेती जैसे विषयों की शिक्षा भी दी जायेगी। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार प्राध्यापकों की कमी दूर करने के लिये जल्द ही मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग के जरिए प्राध्यापकों की भर्ती करेगी। उन्होंने कहा सरकार डिजिटल यूनिवर्सिटी खोलने पर भी विचार कर रही है।

## आम आदमी पार्टी का वार्ड चलो -पोल खोल अभियान 6 मार्च से



ग्वालियर। आम आदमी पार्टी का नगर निगम चुनावों से पहले वार्ड चलो-पोल खोल अभियान सभी 66 वार्डो में चलाया जायेगा। इसकी शुरूआत वार्ड क्रमांक 21 से की जायेगी। इस अभियान के तहत जहां आप कार्यकर्ता घर घर जाकर वार्ड की समस्याओं को एकत्र करेंगे। वहीं उन समस्याओं को वार्ड से लेकर निगम अधिकारियों के पास तक पहुंचा कर निराकरण कराया जायेगा। उक्त जानकारी आज पत्रकारों को देते हुये आप की प्रदेश उपाध्यक्ष मनीक्षा तोमर , प्रदेश प्रवक्ता अमित शर्मा ने बताया कि पांच राज्यों में हो रहे विधानसभा के चुनावों में पार्टी की स्थिति बेहतर देखते हुये अब मध्यप्रदेश में भी पार्टी को मजबूत करने के तेजी से प्रयास किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि इसी कडी में महानगर में सडकों की बदहाल दशा, निगम में भ्रष्टाचार आदि को लेकर वार्ड चलो-पोल खोल अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वहीं सात मार्च को बिजली दरों में की जा रही वृद्धि को लेकर आप कार्यकर्ता प्रदेश भर में जिला मुख्यालयों पर ज्ञापन देंगे और बिजली दरों में की जा रही वृद्धि का विरोध कर उन्हें कम करने की मांग करेंगे। । प्रदेश उपाध्यक्ष मनीक्षा तोमर ने बताया कि आम आदमी पार्टी और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की लोकप्रियता पूरे देश में जनता के बीच बढ रही है।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478